इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -65 राजनांदगांव, शनिवार 20 जनवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## रामलला के चेहरे की पहली तस्वीर आई सामने, आज से अस्थाई मंदिर में दर्शन बंद



अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में शुक्रवार को रामलला के चेहरे की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। आज यानी 19 जनवरी की सुबह औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और शाम को धान्याधिवास हुआ। अब 20 जनवरी की सुबह शर्कराधिवास, फलाधिवास और शाम को पुष्पाधिवास और 21 जनवरी की सुबह मध्याधिवास और शाम को शय्याधिवास होगा। इसके बाद वो घड़ी आएगी, जिसका करोड़ों हिन्दुस्तानियों को इंतजार है, यानी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### संगम तट पर 100 फीट ऊंचाई पर जल रही है श्रीराम नाम की अखंड ज्योति

संगम तट पर स्थित देवरहा बाबा तपोस्थली पर श्रीराम नाम की ज्योति कई वर्षों से लगातार जल रही है। चाहे भीषण बाढ़ हो या रेतिला मैदान इस अखंड ज्योति की लौ आज तक कम नहीं हुई है। शास्त्री पुल से गुजरने वाले लोग इसका दर्शन करते हुए जाते हैं। साथ ही माघ मेले में पहुंचने वाले भक्त भी इसके दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुक्रवार 19 जनवरी को चौथा दिन है। आज शाम से अस्थाई मंदिर में रामलला के दर्शन बंद हो जाएंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद नए मंदिर में 23 जनवरी से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलेंगे। रामलला के चेहरे की पहली तस्वीर सामने आई है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का जायजा लिया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान सीएम योगी ने राम मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया। सीएम राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया।

## उपराष्ट्रपति व लोकसभा अध्यक्ष आज रायपुर में कार्यक्रमों में होंगे शामिल, कल अमित शाह आयेंगे







रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को विधानसभा की कार्यप्रणाली और संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देने के लिए 20 जनवरी से शुरू हो रहे दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला करेंगे। प्रबोधन कार्यक्रम के पहले दिन अंतिम सत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और दूसरे दिन के अंतिम सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नवनिर्वाचित विधायकों को सम्बोधित करेंगे।

प्रबोधन कार्यक्रम के पहले दिन 20 जनवरी को उद्घाटन सत्र प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। उद्घाटन सत्र को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सम्बोधित करेंगे। इसके बाद प्रथम सत्र दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, ध्यानाकर्षण सूचना, लोक महत्व के विषय पर व्याख्यान देंगे। द्वितीय सत्र दोपहर 2.50 से शुरू होगा। इस सत्र में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और तृतीय सत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आशीष वचन देंगे। तृतीय सत्र शाम 4.15 बजे से प्रारंभ होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चांवल घोटाला : मार्कफेड के पूर्व एमडी समेत राइस मिलरों पर कसेगा ईडी का शिकंजा, सता रहा गिरफ्तारी का डर



रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कस्टम मिलिंग चावल घोटाले की जांच तेज कर दी है। 175 करोड़ रुपये की रिश्वत के आरोपित छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ लिमिटेड (मार्कफेड) के पूर्व एमडी मनोज सोनी, पूर्व विपणन अधिकारी पूजा केरकेट्टा समेत छह राइस मिलरों पर कानून का शिकंजा कसने की तैयारी है। ईडी के रडार में आए सभी लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। ईडी को जांच के दौरान मार्कफेड दफ्तर और राइस मिलरों से 1.06 करोड़ रुपये नकद और वसूली करने से संबंधित दस्तावेज मिले थे। रुपये का हिसाब नहीं देने पर जब्त किया गया है। दस्तावेजों की जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर वसूली के खेल में शामिल सिंडीकेट की भी गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। जांच के घेरे में आए अधिकारी-कर्मचारी और राइस मिलरों को गिरफ्तारी का डर सताने लगा है।

### कई अधिकारी-कर्मचारी और राइस मिलर ईडी की रडार में

ईडी ने दावा किया कि मार्कफेड के एक पूर्व प्रबंध निदेशक और स्थानीय राइस मिलर्स एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने ताकतवर लोगों के लिए 175 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ईडी ने राज्य में कोयला लेवी, शराब घोटाले के साथ महादेव एप सट्टेबाजी मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं कई रडार पर हैं। उक्त मामलों में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से जुड़े स्थानीय राजनेताओं और नौकरशाहों पर साठगांठ कर करोड़ों रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। एजेंसी ने अब तक इन मामलों में दो आईएएस अधिकारियों, एक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, कुछ पुलिस कर्मचारियों, कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

### घोटाला में बेहिसाबी 1.06 करोड़ रु. बरामद

इधर, कस्टम राइस मिलिंग विशेष प्रोत्साहन घोटाला में ईडी का आरोप है कि 20 और 21 अक्टूबर 2022 को मार्कफेड के पूर्व प्रबंध निदेशक मनोज सोनी, छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर और पदाधिकारियों, जिला विपणन अधिकारियों और कुछ अन्य के ठिकानों की तलाशी में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और बेहिसाबी 1.06 करोड़ रुपये बरामद किए गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 16 साल की उम्र से पहले कोचिंग पर रोक, नियम तोड़ने पर लगेगा 1 लाख रुपये तक का जुर्माना



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कोचिंग क्लासेज पर बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने निजी कोचिंग संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की है. जिसके अनुसार 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थी कोचिंग क्लास नहीं जा सकते. सरकार ने कहा है कि इस नियम का उल्लंघन करने वालों से एक लाख रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा. साथ ही कोचिंग संस्थान का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है.

शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार अब कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों का अपने यहां दाखिला नहीं लेंगे. साथ ही अच्छे नंबर/रैंक दिलाने या पास होने की गारंटी जैसे भ्रामक वादे भी नहीं कर सकेंगे. गाइडलाइन के अनुसार कोचिंग संस्थान किसी भी शिक्षक या ऐसे व्यक्ति की सेवाएं नहीं ले सकेंगे, जो अनैक कदाचार या किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो. कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन के लिए सभी निर्देशों का पालन करना होगा.

### वेबसाइट पर देनी होगी जानकारी

गाइडलाइन के अनुसार कोचिंग संस्थानों की एक वेबसाइट होगी. जिस पर पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता, पाठ्यक्रम सामग्री, पूरा होने की अवधि, हॉस्टल की सुविधा व फीस आदि का पूरा विवरण देना होगा.

### कोचिंग पढ़ाने के लिए ग्रेजुएट होना जरूरी

शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार अब कोचिंग क्लास में पढ़ाने वाले टीचर या ट्यूटर को कम से कम ग्रेजुएट होना जरूरी है. इससे कम योग्यता वाले लोग कोचिंग क्लास में नहीं पड़ा सकते.

### कोचिंग पढ़ने के लिए उम्र सीमा

कोचिंग पढ़ने के लिए उम्र कम से कम 16 साल होनी चाहिए या विद्यार्थी को हाईस्कूल पास होना चाहिए. दोनों में से एक शर्त पूरी करनी जरूरी है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीतीश के एनडीए में आने पर अमित शाह का भी 'ग्रीन सिग्नल'



### अखबार के इंटरव्यू में कहा- किसी का प्रस्ताव होगा तो विचार होगा

पटना। बिहार में इन दिनों कड़ाके की ठंड है। मौसम की हवा सर्द है लेकिन सियासत की हवा अचानक से गर्म हो गई है। एक इंटरव्यू में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस बयान से और भी गर्माहट आ गई है। उधर लालू प्रसाद यादव अपने बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ नीतीश कुमार के आवास एक अणे मार्ग पहुंच गए। मुलाकात अभी चल ही रही थी की जीतन राम मांझी ने कह दिया कि 25 जनवरी तक उनके विधायकों को पटना में जमे रहने के लिए कह दिया गया है। कुछ भी हो सकता है।

दरअसल अमित शाह से ये सवाल पूछा कि 'पुराने साथी जो छोड़कर गए थे नीतीश कुमार आदि, ये आना चाहेंगे तो क्या रास्ते खुले हैं?' इस पर अमित शाह ने बहुत सधा हुआ लेकिन एक तरह से स्पष्ट जवाब दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'जो और तो से राजनीति में बात नहीं होती। किसी का प्रस्ताव होगा तो विचार किया जाएगा।' यानी इस तरह से अमित शाह ने करीब-करीब ये साफ कर दिया कि नीतीश कुमार के लिए बीजेपी में लगा नो एंट्री का बोर्ड हट गया है। लेकिन पहल उन्हें ही करनी होगी। अब ये पहले होगी या नहीं, संशय इसी बात पर है।

बीजेपी के एक सूत्र ने एनडीए को कहा कि पार्टी को अभी लोकसभा चुनाव दिख रहा है। ऐसे में अगर उसके पास कोई वापसी करना चाहेगा तो उसके लिए उसे अपनी शर्तों का त्याग कर बीजेपी की शर्तों पर 'घर वापसी' करनी होगी। उधर लालू और तेजस्वी नीतीश से क्यों मिले, इसका कोई ठोस जवाब किसी के पास नहीं है। इस सियासी हलचल को लेकर कयासों का दौर भी जारी है।

अमित शाह के बयान को देखें तो उन्होंने कहा कि अगर किसी का प्रस्ताव होगा तो विचार किया जाएगा। तीन शब्द इसमें अहम हैं 'किसी', 'प्रस्ताव' और 'विचार'। किसी का मतलब सवाल में ही है और वो हैं नीतीश कुमार। अब बात प्रस्ताव की... यानी नीतीश अगर ऑफर देंगे तब। तीसरी बात विचार। यानी इस बार बीजेपी ऑफर आने पर कबूल नहीं करेगी। वो ऑफर कबूल करने के लिए शर्त भी रख सकती है, क्योंकि विचार तभी किया जाता है जब कुछ तय करना हो, अपनी बात स्पष्ट कहनी हो तो ये तो चाहिए ही चाहिए। खैर, अभी तो सब कयास हैं लेकिन सियासी सरगर्मी इशारे तो दे ही रही है।

## राहुल गांधी की सांसदी बहाली के खिलाफ वाली याचिका पर सुको सख्त, 1 लाख का जुर्माना लगाया





नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ-साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज (जुर्माने की तरह) में वह एक लाख रुपए जमा करा दें। पीठ ने पांडे की याचिका को 'तुच्छ' बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है।

श्री गांधी की 'मोदी' उपनाम को लेकर 2019 में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आपराधिक मानहानि मामले में 2023 में दो साल की जेल की सजा के बाद लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इस मामले में उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था, जहां उन्हें राहत मिली। शीर्ष अदालत ने पिछले साल अगस्त में श्री गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी थी। अदालत ने तब कांग्रेस नेता की सजा पर इस आधार पर रोक लगा दी थी कि निचली अदालत यह बताने में विफल रही कि श्री गांधी कानून के तहत अधिकतम सजा के हकदार क्यों थे।

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा था कि श्री गांधी की (लोकसभा सदस्यता की) अयोग्यता जारी रहने से उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग संसद में उचित प्रतिनिधित्व से वंचित हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि अदालत ने अक्टूबर 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने के लिए वकील याचिकाकर्ता अशोक पांडे की एक इसी तरह की जनहित याचिका को खारिज कर दिया था और उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

पांडे ने अपनी याचिका में दावा किया था कि दोषसिद्धि और सजा के आधार पर अयोग्यता तब तक लागू रहेगी जब तक कि इसे अपील में रद्द नहीं कर दिया जाता। उन्होंने श्री गांधी की वायनाड संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की रिक्तता को अधिसूचित करने और वहां नए सिरे से चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग अदालत से की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रत्येक याचिका को अदालत की रजिस्ट्री में कई सत्यापन अभ्यासों से गुजरना होगा। अदालत ने कहा कि वादियों को जनहित याचिका (पीआईएल) के अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए ऐसी याचिका पर अनुकरणीय जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

## राष्ट्रपति मुर्मु 22 जनवरी को 19 बच्चों को बाल पुरस्कार से करेंगी सम्मानित, अगले दिन पीएम करेंगे बात

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को दिये जाने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की घोषणा कर दी है जिनमें नौ लड़के और 10 लड़कियां हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 पाने वाले बच्चों में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), महाराष्ट्र-वीरता-अनुष्का पाठक, उत्तर प्रदेश-कला एवं संस्कृति, अरिजीत बनर्जी पश्चिम बंगाल-कला एवं संस्कृति-अरमान उबरानी, छत्तीसगढ़-कला एवं संस्कृति- हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, गुजरात- कला एवं संस्कृति- इशफाक हामिद, जम्मू- कश्मीर-कला एवं संस्कृति-एमडी हुसैन, बिहार- कला एवं संस्कृति-पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, तेलंगाना-कला एवं संस्कृति-सुहानी चौहान, दिल्ली- नवाचार-आर्यन सिंह, राजस्थान-विज्ञान प्रौद्योगिकी- अवनीश तिवारी, मध्य प्रदेश- सामाजिक सेवा-गरिमा, हरियाणा-सामाजिक सेवा-ज्योत्सना अख्तर, त्रिपुरा-सामाजिक सेवा-सय्याम मजूमदार, असम-सामाजिक सेवा-आदित्य यादव, उत्तरप्रदेश-खेल-चार्वी, कर्नाटक-खेल-जेसिका नेयी सरिंग, अरुणाचल प्रदेश- खेल- लिन्थोई चनांबम और मणिपुर - खेल-आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को दिया जाता है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को साहस, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल के लिए सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 जनवरी को एक औपचारिक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए, देश के सभी क्षेत्रों से 19 बच्चों का चयन किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि 23 जनवरी, को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। बच्चे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भी भाग लेंगे। समाज सेवा की श्रेणी में चार बच्चे, खेल की श्रेणी में पांच बच्चे और कला एवं संस्कृति की श्रेणी में सात बच्चे हैं। सूची में नौ लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

## सीएम साय ने नए कानूनों के बारे में कहा- ये पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण संभव



रायपुर । छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आजादी के इतने सालों बाद भी हम अंग्रेजों के बनाए कानून का ही पालन कर रहे हैं, जिसे बदलने का समय आ चुका है। सीएम ने तीन नए कानूनों को लेकर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच के कारण ये संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री साय ने ये बात रायपुर के पुराना पुलिस मुख्यालय में नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण में सहभागिता करते हुए कही। सीएम ने कहा समय के साथ परिवर्तन अनिवार्य है और देश, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बेहतर परिवर्तन की ओर अग्रसर है। उन्होंने आश्वासन दिया छत्तीसगढ़ पुलिस को आने वाले समय में संसाधनों की कमी नहीं होगी और प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस को और सशक्त करेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जवानों को 3 माह में एक बार मिलेगा 8 दिन का अवकाश






रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुलिस जवानों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इस व्यवस्था में नक्सल प्रभावित जवानों को साप्ताहिक अवकाश के बदले तीन माह में एक बार में आठ दिन की छुट्टी मिलेगी। राज्य सरकार ने पुलिस कर्मचारियों की कार्य की प्रवृत्ति एवं कार्य के दबाव को देखते हुए मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला लिया है।

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से जारी परिपत्र के अनुसार, थाना एवं जिले में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल की कंपनियों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश देने की प्रक्रिया तय कर दी गई है। थाने में पदस्थ कर्मियों के लिए एक दिवसीय साप्ताहिक अवकाश प्रारंभिक तौर पर आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को देय होगा।

### तीन महीने में मिलेगी 8 दिन की छुट्टी

प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र में पदस्थ जिला पुलिस बल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश के स्थान पर तीन माह में एक बार आठ दिन का अवकाश दिया जाएगा। अवकाश की तय की गई व्यवस्था के अनुसार, थाने में पदस्थ कर्मियों को रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात पूरे 24 घंटे का अवकाश सप्ताह में एक बार दिया जाएगा। यानि कोई पुलिसकर्मी यदि रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात जाता है, तो उसे उस दिन एवं अगले दिन की प्रातः गणना तक उपस्थिति से छूट मिलेगी। यह साप्ताहिक अवकाश रात्रि ड्यूटी के पश्चात प्रारंभ होकर अगले दिन प्रातः गणना व रोल कॉल तक के लिए रहेगा।

### विषम सुरक्षात्मक कारणों से अवकाश निरस्त भी किया जा सकेगा

प्रत्येक पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिले में थाना एवं चौकियों में पदस्थ कर्मियों का इस प्रकार से रोस्टर तैयार करेंगे, जिससे प्रत्येक पुलिसकर्मी को यह ज्ञात रहे कि उसे कौन से दिन का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। यानि कि मंगलवार को अवकाश दिया जाता है, तो उसे अगले प्रत्येक मंगलवार को ही साप्ताहिक अवकाश दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश जैसे वीवीआईपी भ्रमण एवं कानून व्यवस्था की संगीन स्थिति के फलस्वरूप प्रत्येक कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है, तो एक दिन की अधिकतम सीमा तक जमा होगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि उसे उसी माह में यथासंभव यह सुविधा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बेल पीटिशन के दौरान ही रानू के खिलाफ भ्रामक खबरें फैलाई जाती हैं- आईएएस जे.पी. मौर्य



राजनांदगांव (दावा)। कोल लेवी वसूली और मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू के पति आईएएस अफसर जयप्रकाश मौर्य ने जेल के अंदर लड़ाई की खबरों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि जेल में उनकी पत्नी का झगड़ा हुआ है। उन्होंने ऐसे समाचार को पूर्णतः गलत बताते कहा है कि जिस दिन उनकी पत्नी का बेल पीटिशन की कोर्ट में सुनवाई होती है, उस दिन कतिपय शरारती तत्वों द्वारा भ्रामक समाचार प्रकाशित किया जाता है, ताकि न्यायाधीश के दिमाग पर असर पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय पालिका पर उन्हें भरोसा है। देर-सवेर उनकी पत्नी को न्याय मिलेगा। पत्नी का बेल पीटिशन आर्डर अभी सुरक्षित है। ऐसे में षडयंत्रकारी द्वारा जानबूझकर भ्रामक खबर डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी मीडिया द्वारा पत्नी का मीडिया ट्रायल भी किया जा रहा है। ऐसे में इस तरह की खबरों पर लोगों को विश्वास नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जेल में आईएएस रानू साहू और डिप्टी कलेक्टर सौम्या चौरसिया के बीच मारपीट होने की खबरें सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों में वायरल हो रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसामान्य तक पहुंच रही केन्द्र शासन की योजनाएं





- बनभेड़ी में केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल
- कार्यक्रम में लक्ष्मण और ईश्वर को मिला रागी बीज मिनी कीट
- लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने विचार किए साझा

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने एवं छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बनभेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन पहुंची। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इंदूमती साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जन-जन तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर-घर शौचालयों का निर्माण किया गया है, जिससे वातावरण बहुत अच्छा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को बिना गारंटी के 3 लाख रूपए तक ऋण दिया जाता है। श्रीमती इंदूमती साहू ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरित की जा रही है। इसका लाभ लेने के लिए ग्रामवासियों को कहा। इस अवसर पर सदस्य जनपद पंचायत मनीष साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इंदूमती साहू ने विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाया। मोबाईल वैन के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इंदूमती साहू ने क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कार्यक्रम में कृषि विभाग से लाभान्वित दो किसान श्री लक्ष्मण चंद्रवंशी और ईश्वर दास को रागी बीज का मिनी कीट प्रदान किया। कार्यक्रम में सरपंच कृपाराम साहू, सीईओ जनपद पंचायत नवीन कुमार, उप सरपंच श्रीमती पुर्णिमा साहू, सचिव उमेश देवांगन, गजेन्द्र साहू, दुधेलाल कंवर, राकेश साहू सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के लाभार्थी श्रीमती निर्मला कंवर ने बताया कि भाग्य से तो बेटा मिलता है लेकिन सौभाग्य से बेटी मिलती है। श्रीमती निर्मला ने अपनी बेटियों का खाता प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया है, जिससे उन्हें बेटी की पढ़ाई, उच्च शिक्षा और शादी की चिंता से दूर हो गई है। श्रीमती तिलेश्वरी पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेण्डर सहित चूल्हा सेट मिला है, जिससे उन्हें खाना पकाने में कम समय लगता है और घर के अन्य कार्य के लिए समय बच जाता है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभार्थी श्रीमती नंदनी यादव ने बताया कि योजना से उन्हें 5 हजार रूपए मिला है, इसका उपयोग स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य एवं पौषण आहार में किया जा है, जिससे उनका बच्चा स्वस्थ है। केवल राम विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका पक्का घर बन गया है। पहले कच्चा मकान था, जहां बारिश के समय बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब पक्का घर बनने से सारी समस्याओं से मुक्ति मिल गई है, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदीप खरे ने बताया कि अपनी पुत्री का आयुष्मान कार्ड से राजनांदगांव के निजी अस्पताल में निःशुल्क ईलाज कराया है। जिससे वह स्वस्थ हो गई है। जल जीवन मिशन योजना की लाभार्थी श्रीमती राखी कंवर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हिरेन्द्र साहू ने भी अपने विचार साझा किए और ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों के सामने कृषि क्षेत्र में नई तकनीक के माध्यम से खेती के पद्धति में बदलाव लाने के उद्देश्य से ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जिसे बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ देखा। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा विभागीय योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

## पहला कॉलम...

### कल मुड़पार (सुरगी) में मंड़ई-मेला

मुड़पार (दावा)। कल 21 जनवरी रविवार को प्रतिवर्षानुसार मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक कला मंच राग अनुराग दुर्ग की प्रस्तुति होगी। सरपंच श्रीमती कलेन्द्री यादव ने उपस्थिति की अपील की है। उपरोक्त जानकारी विकास कुमार साहू ने दी है।

### आज बखत रेंगाकठेरा में कबड्डी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। रेंगाकठेरा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासी एवं एस यूथ क्लब के द्वारा आज 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से रखा गया है, प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरुस्कार रखे गए है। प्रथम 10001 से लेकर चतुर्थ 3001 रुपये तक रखा गया है प्रतिभागियों को बेस्ट आकर्षक पुरुस्कार भी दिया जायेगा। यह जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिन्हा ने दिया।

### सब्बीर तिगाला का आकस्मिक निधन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के वार्ड नम्बर 14 के प्रतिष्ठित नागरिक सब्बीर तिगाला का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे मो. सलीम तिगाला के छोटे भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्री एवं 2 पुत्र छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय कब्रिस्तान में आज 20 जनवरी को दोपहर 1 बजे किया जाएगा।

### कृपा राम साहू का निधन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम कोकपुर निवासी कृपा राम साहू (45) वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे परसादी राम साहू के सुपुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

अंतिम यात्रा में परिजन और ग्रामीण उपस्थित रहे। वे अपने पीछे पिता, पत्नी, पुत्र सहित भरापूरा परिवार को छोड़ कर चले गए।

### किशन मिश्रा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। पुराना ढाबा स्थित शीतला माता मंदिर के पुजारी विवेक मिश्रा जी के 60 वर्षीय पिताश्री किशन मिश्रा जी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया हैं। शिव नगर निवासी मिश्रा जी का अंतिम संस्कार आज शनिवार को पुराना ढाबा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# श्रद्धांजलि कप की फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। मॉर्निंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि कप के तहत आज 5 मैच खेले गए, जिसमें पहला मैच फ्रेंड ब्रदर्स ए विरुद्ध जूनियर क्लब चिखली के मध्य खेला गया जिसमें फ्रेंड ब्रदर्स ए ने 5 गोलों से विजय प्राप्त की। फ्रेंड ब्रदर की ओर से करण अरोड़ा ने तीन गोल, पार्थ ने एक गोल व प्रवेश ने एक गोल किया। वही आज खेले गए दूसरे मैच में तिरोड़ी 11 महाराष्ट्र ने दो गोलों से इवनिंग क्लासिक को पराजित करते हुए विजय प्राप्त की। तिरोड़ी 11 महाराष्ट्र की ओर से सौतेल एक गोल व अभिषेक ने एक गोल किया। आज खेले गए तीसरे मैच में गायत्री स्कूल राजनांदगांव ने 2-1 से सेवन स्टार राजनांदगांव को पराजित किया गायत्री स्कूल की ओर से प्रतीक मिश्रा ने 1 गोल, अंश ने एक गोल किया तथा सेवन स्टार की ओर से हर्षद ने एक गोल किया। इस मैच में राजू रंगारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। वहीं आज खेले गए चौथे मैच में पहले क्वार्टर फाइनल मैच में डब्लू आर एस रायपुर ने फ्रैंक ब्रदर्स बी को 6-5 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आज का पांचवा मैच वह दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच बॉयज दुर्ग विरुद्ध न्यू स्टार डोंगरगांव के मध्य खेला गया जिसमें बॉयज दुर्ग न्यू स्टार डोंगरगांव को 3-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू स्टार डोंगरगांव की ओर से हेमंत व पुसोत्तम ने 1-1 गोल किया। आज के मैच में माथुर हतेल क्रिस्टोफर, नवीन मम्मा, राजू रंगारी ने भूमिका निभाई।

### चाकू के घातक वार से घायल हुए बालक की मौत

राजनांदगांव(दावा)। निकटस्थ ग्राम भर्रेगाव में मंडई के दौरान आरोपियों द्वारा चाकू के हमले से बुरी तरह घायल हुए बालक की हास्पीटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि 18 जनवरी को सुरगी चौकी थाना बसंतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भर्रेगांव मड़ई मेला आयोजन के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर भरेगांव निवासी हुलेश चंद्राकर पिता राज कपूर चंद्राकर उम्र 19 वर्ष के साथ भर्रेगांव निवासी वेद प्रकाश रजक पिता हरिश्चंद्र रजक उम्र 18 वर्ष , अमर राजपूत पिता रवि सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष, देवेंद्र सेन पिता संतोष सेन उम्र 20 वर्ष तथा नवीन रजक पिता संजय रजक उम्र 21 वर्ष सभी निवासी चौखड़िया पारा राजनांदगांव द्वारा एक राय होकर डंडा लात घुसा एवं चाकू से मारपीट किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शीतला माता मंदिर में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम 22 को

राजनांदगांव (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्यभर में भव्य रूप से भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जाने राज्य शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। निर्देश के अनुक्रम में 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शहर के प्राचीनतम सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया शासन निर्देशानुसार श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के तहत 22 जनवरी को सोनारपारा स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्जवलन व दीपदान किया जायेगा। इसके अलावा अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जायेगा तथा मानस मंडलियों की मानस गायन का आयोजन किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के सफल आयोजन के लिये निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके व प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव रहेगे। इसके अलावा अन्य व्यवस्था के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रामोत्सव आयोजन को सफल बनाने अपनी सहभागिता निभायेगे।

# कल क्रिकेट ट्रॉयल

राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आगामी 21 जनवरी दिन रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में जिले की टीम (सीनियर) के गठन हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। जिन खिलाड़ियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हुआ है, वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है व जिन खिलाड़ियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वे शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच आवश्यक दस्तावेजों (पिछले 5 वर्षो की अंकसूची की मूल प्रति, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व 1 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उक्त चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं के द्वारा किया जायेगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि, उक्त चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम का गठन होगा, जो कि राज्य की रणजी टीम के गठन हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट चैम्पियनशीप में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु खिलाड़ी क्रिकेट की सफेद ड्रेस, स्वयं की क्रिकेट किट के साथ उपस्थित होकर शामिल हो सकते है। आवश्यक दस्तावेजों के साथ न आने पर चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसो. राजनांदगाँव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### पदोन्नति और जीपीएफ पासबुक संधारण करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव(दावा)। छग सहायक शिक्षक फेडरेशन द्वारा 19 जनवरी को सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिले के सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी कर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला में पदोन्नति करने और जीपीएफ पासबुक संधारण करने के लिए चारों ब्लाक मुख्यालय राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया में शिविर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के दौरान सहायक संचालक खरे ने सहायक शिक्षकों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी भी चारों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जीपीएफ पासबुक संधारण करने के संबंध में निर्देश दे चुके हैं पर आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है जिसके कारण से सहायक शिक्षकों में आक्रोश है। फेडरेशन ने शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र ही हल करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान फेडरेशन के पदाधिकारियों में रमेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक, ललित प्रताप सिंह, भरत साहू, भुनेश्वर सेन, सूरज शर्मा , विष्णु प्रसाद साहू, लक्ष्मण लाल भगत, रामदेव देवांगन, जसबीर लकड़ा, अतुल यदु की उपस्थिति रही।

### आज से संस्कारधानी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता

राजनांदगॉव (दावा)। संस्कारधानी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जनवरी को स्थानीय वेसलियन स्कूल सभागृह में किया जा रहा है । वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं जिला कराते संघ राजनांदगॉव के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ कराते डू फेडरेशन के पर्यवेक्षण मे आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न 33 जिले के 350 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेकर कराते की काता एवं कुमिते विधा में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक नकद पुरस्कार, पदक एवं ट्राफी से सम्मानित किया जायेगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 20 जनवरी प्रातः 10 बजे से किया जायेगा।

# जिला यादव महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर

राजनांदगांव(दावा)। जिला कोशरिया यादव महासभा राजनांदगांव द्वारा संस्कारधानी के पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर आडिटोरियम गौरव पथ में 30 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम जिला यादव महाधिवेशन, युवक युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह एवं यादव गौरव प्रतिभा सम्मान का भव्य आयोजन को अंतिम रूप दे दिया गया है। युवक-युवती परिचय में विधवा-विधुर तथा परित्यक्ता को भी शामिल किया गया है। उसी प्रकार यादव गौरव सम्मान में शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी, हस्तकला, सांस्कृतिक कला, लेखन, खेलकूद को शामिल किया गया है, आवश्यक प्रमाण पत्र साथ लेते आवें। जोड़ा उपलब्ध होने पर आदर्श विवाह भी समाज द्वारा करवाया जायेगा, इसकी जानकारी क्षेत्र के पदाधिकारी गण जिला को 3 दिन पहले प्रदान करेंगे।

जिला की इस विशेष बैठक में जिला, तहसील, सर्किल पदाधिकारी उपस्थिति देकर यादव समाज का मान बढ़ाएं हैं। पदाधिकारी गणों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस महाधिवेशन में पड़ोसी जिलों में दुर्ग, मानपुर मोहला, एवं खैरागढ़ भी शामिल होंगे। चूंकि 6 वर्षो बाद ऐसा महाधिवेशन हो रहा है स्वजाति बंधुयों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

बैठक में मन्नालाल यादव एवं हरीश यादव द्वारा जिला महामंत्री महेश कुमार यादव के साथ किये गए गाली गलौज, जानलेवा हमला का समाज ने घोर निंदा की है। यह घिनौनी हरकत महेश पर नहीं बल्कि समाज पर किया है, इसे समाज कभी माफ नहीं करेगा। मन्ना लाल यादव को 5 बरसों के लिए समाज की सेवा का मौका दिया था, परन्तु इन्होंने समाज का इस्तेमाल अपने राजनीति स्वार्थ के लिए किया। आज ये किसी से छिपा नहीं है। इससे समाज आज बिखर कर रह गया है। अब 6 साल बाद भी सामाजिक बंधु गण नहीं समझ सके ये समाज का दुर्भाग्य है। सामाजिक बंधु गण बहकावे में न आकर एक मंच पर आवें और अपनी एकता और स्वाभिमान का परिचय देवें। आगामी जिला यादव महाधिवेशन को सफल बनाने में सहभागिता प्रदान करें।

### स्कूली बच्चों को दी गई ट्रैफिक नियमों की जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा में गुरुवार को बच्चों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी गई। राजनांदगांव एसआई के.के. श्रीवास्तव एवं ट्रैफिक ऑफिसर सुखदेव द्वारा बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और लाइसेंस, गाड़ी पेपर और इंश्योरेंस पेपर को लेकर चलने की बात कही। साथ ही बच्चों को घर और आसपास के लोगो को भी ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करने को कहा। इस दौरान शाला प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर के साथ शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे ।

### बीस सूत्रीय समिति की बैठक 23 जनवरी को

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव बीस सूत्रीय समिति की बैठक 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-7
589-2 339-5
राजधानी
1-4-7
348-5 679-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री साईं गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
**माटी पुत्र**
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
19th Jan to 25th Jan 2024




Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm
Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm
Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, प्रोजेक्ट संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव**

**आवश्यक सूचना**

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि चौकी-मोहला-मानपुर जिले में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योगना के अंतर्गत नई 33 के.व्ही. लाईन अमलीडीह से कुमर्दा तक खींची गई है, उक्त लाईन ग्राम अमलीडीह, कोनारी, साल्हेगुगवा, श्वेतापारा, माथलडबरी, मोहड़, खुर्सीटिकुल, आमगांव, अछोली से होते हुए कुमर्दा तक गई है। उक्त नई खिचीं गई लाईन को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अतः विद्युत लाईन के खंबों एवं स्टे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखे तथा किसी प्रकार की छोड़छाड़ न करें।

एस.के. चन्द्राकर
कार्यपालन अभियंता परियोजना संभाग
छ.स्टे.पां.डि.कं.लि. राजनांदगांव

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं....... बी-121वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला रगड़े आ. अभयलाल रगड़े निवासी शहर/ग्राम स्टेशनपारा प.ह.नं.... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्री कृति आ. भोला रगड़े जन्म मृत्यु/प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 31.1.2024 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक 16/01/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/01/2024
सुनवाई दिनांक 31/01/2024

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202311093700014 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश कुमार शेण्डे आ. स्व. मन्नूलाल, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भूखण्ड क्रमांक 180/1, क्षेत्रफल 30.00 वर्गमीटर धारकगण भागाबाई बे. पुनाराम, मन्नूलाल आ.पुनाराम, निवासी-राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारकगण भागाबाई बे. पुनाराम, मन्नूलाल आ.पुनाराम की मृत्यु होने से उनके वारिसों के नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त/भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 29.01.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

# त्रिशूल विवाद गहराया: बूढ़ासागर में लगेगा महाकाल का त्रिशूल

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे प्रदेश में तथा हॉकी खिलाड़ियों के कारण देश भर में चर्चित मानव मंदिर चौक का नाम बदलकर महाकाल चौक किए जाने तथा चौक पर त्रिशुल लगाने को लेकर शहर में विवाद गहरा गया है।

बता दे कि मानव मंदिर चौक वर्षों से राजनीतिक धार्मिक व अन्य संस्था-संगठनों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन केन्द्र बना हुआ है। ऐसे चर्चित व सुप्रसिद्ध चौक में लगाने हेतु त्रिशूल बनाने के लिए दिए गए आर्डर व इसकी कीमत को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। नगर निगम पर विशुद्ध कांसे की त्रिशुल बनाए जाने के बजाय इसमें लोहे आदि धातु मिलावट किए जाने के आरोप लग रहे है।



मानव मंदिर चौक जैसे चर्चित एवं सुप्रसिद्ध नाम की जगह महाकाल चौक किए जाने व वहां पर त्रिशूल लगाए जाने को लेकर शहर की जनता भी इसका खुल कर विरोध करने सामने आ गयी है। हॉकी प्रेमी व हॉकी खेल में आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले शहर के वरिष्ठ नागरिक प्रकाश शर्मा ने कहा कि शहर का नामी होटल व चौक जो मानव मंदिर के नाम से जाना जाता है। उस नाम को मिटाने के लिए निगम द्वारा महाकाल चौक रखने का कुप्रयास किया गया है। इसी तरह पूर्व कांग्रेसी पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने कहा कि निगम की सत्ता में विराजमान दल द्वारा भगवान महाकाल के नाम पर राजनीति करने की कोशिश की है जिसका त्रिशुल निर्माण में अनियमिता होने का भांडा फोड़ हो गया। हाकी प्रेमी श्री शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में पूरे देश भर के सुप्रसिद्ध हॉकी टीमे भाग लेने आती है। हॉकी खिलाड़ी मानव मंदिर होटल का स्वादिष्ट आलू पोहा खाकर अति प्रसन्न होते है। इससे इस होटल की चर्चा दूर-दूर तक होती है ऐसे प्रसिद्ध एवं शहर के सबसे पुराने व नामचीन होटल के नाम व चौक के नाम को धूमिल करने के उद्देश्य से उक्त चौक का बदलना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं जान पड़ता । बता दें कि मानव मंदिर चौक में त्रिशूल लगाने को लेकर विवाद गहराने पर उसे बूढ़ा सागर में लगाए जाने की बात सामने आ रही है। इस पर नगर निगम में प्रस्ताव भी पास कर दिया गया है।

**लोग नहीं चाहते मानव मंदिर चौक में त्रिशुल लगे...**

### प्रतीकात्मक प्रदर्शन केन्द्र

शहर के इस चर्चित व सुप्रसिद्ध मानव मंदिर चौक का नाम बदलने व यहां त्रिशूल गाड़े जाने को लेकर मामला गरमाते ही लोगों ने निगम के उक्त कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया है। लोगों द्वारा कहा जाने लगा है कि मानव मंदिर चौक हिन्दू धर्म की श्रद्धा के प्रतीक त्रिशूल को वहां बिल्कुल नहीं लगाया जाना चाहिए।

इसका कारण बताते हुए कहा गया है कि वर्षों से मानव मंदिर चौक पर विभिन्न राजनीतिक सामाजिक व अन्य संगठनों द्वारा किसी भी राजनीतिक या अन्य विषयों के पक्ष-विपक्ष में विरोध स्वरूप पुतला दहन किया जाता है। पुतले को जूते-चप्पल व लात से मारा जाता है। गंदगी उड़ेली जाती है ऐसे में उक्त चौक पर धार्मिक चिह्न त्रिशूल लगे होने से उसकी पवित्रता भंग होगी व इससे एक धर्म विशेष लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंचेंगी। असामाजिक तत्व द्वारा त्रिशुल का अपमान किए जाने से माहौल भी बिगड़ सकता है। अतः वहां किसी भी दृष्टि से न तो त्रिशुल लगाना उचित है और न चौक का नाम बदला जाना उचित है।

# महाकाल मंदिर सिंघोला में भव्य आतिशबाजी के साथ 22 को मनेगी जगमग दीपावली



राजनांदगांव (दावा)। शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित ग्राम सिंघोला में भगवान श्री चन्द्र मौलैश्वर महाकाल के पवित्र मंदिर में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर भव्य 11 हजार दीप प्रज्जवलित किए जाने का आयोजन किया गया है। बताया गया कि सुबह 5 बजे से भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना पश्चात महारुद्राभिषेक व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ सहित शाम को भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इस दौरान शाम को भगवान श्री राम की भक्ति रस में डूबी भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित है।

**सुबह से ही हनुमान चालीसा पाठ सहित होंगे विविध आयोजन, शाम को भजन संध्या में बिखरेगी श्री राम भक्ति की छटा**

महाकाल मंदिर के अनन्य सेवक और समाजसेवी पवन डागा ने बताया कि अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का उल्लास जन-जन में छाया हुआ है। इस क्रम में भगवान महाकाल शिव के आराध्य भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से श्री चंद्रमौलेश्वर का महाकाल धाम कैसे पीछे रह सकता है। अतः महाकाल मंदिर परिवार की ओर से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सिंघोला महाकाल मंदिर में 22 जनवरी सोमवार को भव्य तैयारी के साथ सुबह 5 बजे महारुद्रा अभिषेक व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया है। वहीं सोमवार को सुबह से ही मंदिर में उपस्थितजनों को पवित्र धाम आयोध्या से श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव दर्शन कराया जाएगा। मंदिर समिती के राजेश डागा ने बताया कि शाम 7 बजे से मंदिर में दिवाली मनाई जाएगी, जिसमें 11,000 दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे तथा दीपावली की तरह भव्य आतिशबाज़ी की जाएगी। श्री डागा ने बताया कि उपरोक्त आयोजन के पश्चात भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है जिसमें भक्तजन श्रीराम रस में डूब कर भक्ति रस गंगा में गोता लगाएंगे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया है।

# शिव गजानन सांई मंदिर समिति ने की श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तैयारी



राजनांदगांव। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर शिव गजानन सांई मंदिर समिति पूनम कालोनी, वरिष्ठ संरक्षक रमेश वानकार, अध्यक्ष कमलेश स्वर्णकार के मार्गदर्शन में पूरे मंदिर परिसर और पूनम कॉलोनी के एक-एक घर को राममय दीप, भगवा ध्वज, तोरण पताका, लाइटिंग से कॉलोनी जगमगाएगा। 10000 दीपों की व्यवस्था की गई है।

मंदिर को तोरण, सीरीज और फूलों से सजाया जाएगा। शाम महाआरती के बाद प्रसादी सभी भक्तों को बांटी जायेगी। पूरे कॉलोनी में भव्य आतिशबाजी होगी। श्री शिव गजानन साई मंदिर समिति के सभी वरिष्ठजन, पदाधिकारीगण, सभी सदस्य तन-मन-धन से 22 के कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए भीड़ें हुए है।

महिलाओं का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। समारोह की रूपरेखा और तैयारी के लिए श्री बड़ोनिया, विजय सोनकुसरे, श्रीनिवास सायंकर, चंद्रकांत देव, मनीष श्रीवास्तव, गौतम देवांगन, मनीराम साहू, श्री सिन्हा, प्रसाद पेंढारकर, सीएम मौर्वी, प्रशांत तिवारी, अजय तिवारी, हेमंत साहू, संतोष कुशवाहा, संजय पालीवाल, मनीष शर्मा, रमेश हेड़ाऊ, अविनाश कापरे, लाला यादव, नरेंद्र मुदलियार, राजेश शर्मा, विलास झाड़े, ललित नायडू, महेश उत्तलवार, सुनील देवांगन, महेश देवांगन, पंकज तिवारी, सोनू भारती एवं ग्रुप लगे हुए हैं।

22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 10 से 11 राम-राम धुनी एवं श्री हनुमान चालीसा, 11 से 1 बजे श्री अयोध्या जी से लाइव सामूहिक दर्शन, प्राण प्रतिष्ठा उपरांत सामूहिक महाआरती, दोपहर 1 बजे से 4 तक शिव महापुराण कथा श्रवण, 4.15 से 6.15 बजे सुंदरकांड का पाठ, दीपोत्सव, आरती, आतिशबाजी के बाद प्रसादी आयोजन किया जाएगा।

# गायत्री विद्यापीठ के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्यापीठ के बच्चों द्वारा अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाल कर माहौल को राममय बनाया जा रहा है। भगवा परिवेश में भगवान श्री राम लक्ष्मण, हनुमान आदि के रुप धरे नन्हे मुन्ने बच्चों को देखकर लोग धार्मिक भावना से भर उठे रहे हैं। धर्म प्राण नागरिकों द्वारा उनका न केवल हार फूलो से स्वागत किया जा रहा है साथ साथ चल कर रामधुन का गान किया जा रहा है। विद्यापीठ की शिक्षिका श्रीमती चेतना बहू ने बताया कि बच्चों द्वारा सुबह सवेरे केसर नगर शिवनाथ कालोनी ,कंचन बाग आदि का भ्रमण किया गया जहां नागरिकों ने उनकी आरती उतारी व पुष्पमाल्य से भावभीना स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में विद्यापीठ की शिक्षिकाए भी शंख ध्वनि करते हुए श्री राम नाम का गान करते चल रही थी। इस दौरान पूरा वातावरण श्री राम मय बना रहा।

**बना श्री राम मय माहौल**

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले युगांतर कल निकालेगा भव्य शोभायात्रा

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर को भजन सम्राट सजल बैद अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से राममय करेंगे। इसी तारतम्य में विद्यालय में भव्य शोभा यात्रा आगामी 21 जनवरी को शाम 6.15 बजे को निकाली जाएगी। विद्यालय परिसर को 1500 दीयों से सुसज्जित किया जाएगा । यही नहीं विद्यालय के कला विभाग द्वारा आकर्षक पुष्प सज्जा की जाएगी तथा साथ ही रंगोली भी बनाई जाएगी। प्राइमरी विभाग के विद्यार्थी इस बृहद कार्यक्रम के भागीदार बनेंगे। हवन का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें विद्यार्थीगण श्रीरामलला को आहूति प्रदानकर उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लेंगे।

युगांतर के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि श्रीरामलला का स्वागत करने के लिए युगांतर परिवार बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने समस्त देशवासियों को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बधाई संप्रेषित की है।

उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि श्रीराम हमारे आदर्श है। राम राज्य की धुरी भी श्रीराम के आदर्शों पर केंद्रित है। इस समय पूरा देश राममय हो गया है। युगांतर भी इससे अछूता नहीं रहेगा। इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राममय भजनों का गायन करके इसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

## मोटर साइकिल चोरी का आरोपी पकड़ा गया



राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि अपराध क्रमांक 04/2024 धारा 379 आई पी सी का मोटर साइकिल चोरी का आरोपी उमेश यादव उर्फ सन्नाटा निवासी बघेरा दुर्ग को गिरफ्तार किया गया है।

# आयुक्त ने 'मोर जमीन मोर मकान' योजना के तहत आवास निर्माण समय सीमा में करने दिये निर्देश



पेज 3 (19 जनवरी 2024- फोटो-देवेन्द्र सोनी)

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियों तथा वास्तुविद की संयुक्त बैठक ली। बैठक में मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत हितग्राहियों के आवास निर्माण बिना किसी शिकायत के समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में जानकारी लेते हुये कहा कि रूफ स्तर के आवासों को जनवरी 2024 तक पूर्ण करें तथा छज्जा स्तर के आवासों को फरवरी 2024 तक पूर्ण करें साथ ही मार्च 2022 के पूर्व स्वीकृत आवासों को 28 जनवरी तक तथा मार्च 2022 के बाद स्वीकृत आवासों को 10 फरवरी तक प्रारंभ करें, प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में निरस्तीकरण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना की की समीक्षा**

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में मोर जमीन मोर मकान के तहत सभी स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने एवं जिन आवासों के कार्य प्रगतिरत है, उन आवासों के लिये स्तरबद्ध जीओ टैकिंग कर जल्द भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव निकाय के विभिन्न वार्डो में योजनांतर्गत, आवासों का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को आवास प्रारंभ करने के पूर्व ही नियमानुसार निर्धारित 30 वर्गमीटर कार्पेट क्षेत्र में निर्माण करने की जानकारी संबंधित वास्तुवित आवश्यक रूप से देवें। इसके अलावा अतिरिक्त निर्माण करने वाले हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा शुल्क जमा करने की जानकारी उपलब्ध करावे। नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में गति लाकर समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि हितग्राही मूलक योजना में लापरवाही न हों। उन्होंने सभी वास्तुविदों से उनके द्वारा किये जा रहे आवास निर्माण की चरणबद्ध आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि ऐसे आवास निर्माण करने वाले जो नींव स्तर से आगे कार्य नही कर रहे है, उन्हें भी अंतिम नोटिस जारी करे और नोटिस उपरांत निरस्तीकरण हेतु प्रस्तुत करे। वास्तुवित केवल स्थतरबद्ध भुगतान हेतु जीओ टैकिंग करने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय सीमा में मिले, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। अपालन या किसी भी प्रकार की शिकायत पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने आवास योजना के संबंधित अधिकारियों को मानिटरिंग करने व समय समय पर समीक्षा करने के निर्देश देते हुये कहा कि हितग्राहियों का भुगतान समय पर कराना सुनिश्चित करें। बैठक में आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सीएलसटीसी ललित मानकर, अंकुर मिश्रा, श्रीमती सोनम पालिया सहित वास्तुविद उपस्थित थे।

# अयोध्या में बन रहे राममंदिर के साथ आज नगर में रामरथ यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे रामलला के भव्य मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को सभी सनातनी पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाएं इसके जन जागरण के लिए रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा आज भव्य राम रथ यात्रा निकाली जावेगी। रामरथ यात्रा में भव्य राम मंदिर के साथ भगवान राम की प्रतिमा भी रथ यात्रा में शामिल रहेगी। नगर के समस्त सनातनी धर्म प्रेमी 22 जनवरी को अयोध्या तो जा नहीं पाएंगे इसके लिए समिति ने राम रथयात्रा में ही प्रतीकात्मक भव्य राम मंदिर का निर्माण कर प्रभु श्री रामजी की प्रतिमा के साथ रथयात्रा निकालने जा रही है। दोपहर 2:00 बजे उपरोक्त रामरथ यात्रा महावीर चौक हनुमान मंदिर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए वापस महावीर चौक पहुंचेगी, तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा में शामिल राममंदिर एवं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा पर समस्त धर्मप्रेमी पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। जिन मार्गो से रामरथ यात्रा गुजरेगी वहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा रथ यात्रा का अभिनंदन कर स्वागत किया जाएगा। जिन मार्गो से राम रथ यात्रा गुजरेगी उन रास्तों को पूरी तरह भगवामय कर दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। शोभायात्रा में अपने विशालकाय कद काठी के साथ खुद हनुमान जी शामिल रहेंगे। रथ यात्रा में कई डीजे द्वारा प्रभु श्रीराम के भजनों को बजाया जाएगा। राम रथ यात्रा में पूरे देश में प्रसिद्ध भावेश बैद एवं साथियों द्वारा शानदार भजनों का गायन किया जाएगा। इन भजनों के गायन में हजारों की संख्या में शामिल धर्मप्रेमी भी झूमते नजर आएंगे। समिति द्वारा विगत दिनों अयोध्या से आए मंत्रोचारित अक्षतों के साथ 108 कलश यात्रा एवं बाइक में शोभायात्रा भी निकली गई। जिस प्रकार शहर की धर्म प्रेमी जनता ने हजारों की संख्या में इन यात्राओं में अपनी उपस्थिति दी है उससे यह आभास होता है कि आज निकलने वाली रामरथ यात्रा भी ऐतिहासिक होने वाली है। रथ यात्रा में प्रभु श्रीराम के रथ के साथ शहर के विभिन्न बस्तियों में रहने वाले सनातनी परिवारों द्वारा अपने-अपने बच्चों को हनुमान जी बनाकर शोभायात्रा में शामिल रहने वाले हैं। रथयात्रा में बहुत ही प्रभावशाली बैंड द्वारा धार्मिक भजन बजाए जाएंगे। समिति द्वारा 22 जनवरी को रात्रि 7 बजे से महावीर चौक में भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। भजन संध्या में एक बड़ी एलईडी वॉल में भजनों का प्रसारण किया जाएगा वहीं आतिशबाजी कर इस ऐतिहासिक पवित्र अवसर को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। पूरे महावीर चौक एवं हनुमानजी के मंदिर को मनमोहक तरीके से सजाया गया है। इस कार्यक्रम में युवा वर्ग के लोगों का काफी रुझान महसूस किया जा रहा है। समारोह की इन लंबी कड़ियों के बाद समिति ने 22 जनवरी को ही पूरे शहर में स्थापित लगभग सभी मंदिरों में भजन कीर्तन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने की तैयारी कर रखी है। पहली बार पूरे शहर की साज सज्जा देखने लायक है। पूरा शहर भगवामय हो चुका है और शहर का माहौल पूरी तरह राममय हो गया है।



**राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा आयोजित**

राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के जिला संयोजक नीरज बाजपेई शहर के संयोजक योगेश बागड़ी जिले के सहसंयोजक प्रशांत सोनी शहर के सह संयोजक सुनील सेन, अंकित खंडेलवाल एवं कमल सोनी ने शहर के समस्त सनातन धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह दिन जो हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है इसे पूरी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाते हुए आज की इस राम रथयात्रा में जरूर से जरूर शामिल हुए।

## विधि के विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में पढ़कर अपना-अपना कैरियर में स्थापित विद्यार्थियों ने 30 साल बाद भेंट मुलाकात कर काफी आनंदित हुये। उक्त स्नेह मिलन को यादगार बनाने विधि महाविद्यालय व अमोरा होटल रेवाडिह राजनादगांव में जुन्ना मितान समागम सम्मेलन आयोजित कर विविध मनोरंजन व सामूहिक भोज कर परस्पर खुशियां बांटी इसके पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता के.सी.जैन का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जैन सर अत्यंत भावुक होकर सभी विधि के अपने पढ़ाये विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुये आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात अन्य गुरुजन बी.एन. राय, मदन गोमास्ता व प्रभात तिवारी के योगदान व मार्गदर्शन को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# आज शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए महाअभियान

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 20 जनवरी को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए एक दिवसीय महाअभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं जिले में संचालित समस्त च्वॉइस सेंटर संचालकों से समन्वय कर आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए जिले के शेष सभी छूटे पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

एक दिवसीय महाअभियान अंतर्गत जिले में संचालित शासकीय स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय स्कूलों, च्वॉइस सेंटरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में आज 20 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायक द्वारा, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा, शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का स्कूल में पदस्थ शिक्षकों द्वारा, समस्त शासकीय स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा तथा समस्त च्वॉइस सेंटरों में सीएससी-वीएलई द्वारा शिविर आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों की कुल संख्या 9 लाख 37 हजार 958 है। इनमें से 8 लाख 12 हजार 642 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कर दिया गया है, जो निर्धारत लक्ष्य के विरूद्ध 86.63 प्रतिशत हैं। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए नागरिकों को राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक होगा। आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क हैं। परिवार के सभी सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा, परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदीकी शिविर स्थल पर में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकते है। ऐसे हितग्राही जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, जैसे वर्तमान मोबाईल नम्बर, अंगुठे का निशान एवं वर्तमान फोटो इत्यादि के परिजनों से अनुरोध हैं, कि आधार कार्ड अपडेट करवाने हेतु नजदीकी के च्वॉइस सेंटर में जाकर तुरंत आधार कार्ड अपडेट कराएं, जिससे भविष्य में आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा सके। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात् एपीएल परिवारों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्रात्रतानुसार ईलाज के दौरान बीमा राशि खत्म होने के उपरांत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंर्तगत 25 लाख रूपए तक आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।

**विशेष शिविर लगाकर बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड**

# केमिस्ट व ड्रगिस्ट एसो. ने शीतला मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। केमिस्ट व ड्रगिस्ट एसो. के द्वारा प्राणप्रतिष्ठा के तहत स्वच्छता अभियान में आज सदस्यों ने शीतला मंदिर की साफ-सफाई कर अभियान में अपना अमूल्य सहयोग दिया। जिले के केमिस्ट व ड्रगिस्ट के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान शीतला माता मंदिर में साफ सफाई में जिला अध्यक्ष देवव्रत गौतम, दशरथ शर्मा, अतुल जैन, मनोज करंडे, मनीष करंडे, श्याम सोनी, श्याम दम्मानी, भूपेन्द्र बाजपेयी, बृजेश शर्मा, रोहित तिवारी, आनंद खण्डेलवाल, नीटू सिन्हा, जयंती साहू आदि सदस्य उपस्थित थे।

उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी मनोज गोलछा ने देते हुऐ बताया कि आज रामदेव बाबा मंदिर में सुबह से स्वछता अभियान चलाया जायेगा।

## अनमोल दावा

**सफलता चाहिए तो खुद को बस में रखो दूसरों को नहीं...!**

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बीच क्या सोचते हैं वहाँ के कुछ मुसलमान

**नितिन श्रीवास्तव**



अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे. इस भव्य आयोजन में हिस्सा लेने के लिए मंदिर के निर्माण कार्य की देखरेख कर रही राम मंदिर कमेटी ने 7,000 साधु-संतों के अलावा 4,000 लोगों को न्योते दिए हैं. इस बीच क़रीब 70 एकड़ वाले राम मंदिर परिसर के ठीक पीछे एक मोहल्ला है, कटरा, जहाँ एक छोटे से घर में चार लोगों का परिवार दिन रात काम करने में जुटा है, क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा की तारीख़ पास आ रही है. इस घर में कई पीढ़ियों से मिठाई के डिब्बे बनते रहे हैं. यहाँ से इन्हें मिठाई की दुकानों पर भेजा जाएगा जहाँ इनमें प्रसाद ख़रीदा और चढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा, हमारे अब्बू तो सीधे-साधे इंसान थे जो मंदिरों के लिए मिठाई के डिब्बे बनाते थे. उन्हें बाहरी लोगों ने मार दिया जिसके बाद हम लोग बहुत दिक़्क़त में रहे. फ़िलहाल तो अयोध्या में सुकून से हैं, कोई परेशानी नहीं है. जब उतनी बड़ी मंज़िल पार कर ली तो जो भी होगा आगे वो देखा जाएगा. घबराहट रहेगी कि कभी कुछ हो न जाए अयोध्या में लेकिन अभी फ़िलहाल ठीक ही है.

फूल जहाँ के घर से महज़ 50 मीटर की दूरी पर हफ़ीज़-उर-रहमान रहते हैं, जिन्होंने 31 साल पहले हुए दंगों में एक हिंदू परिवार के यहाँ शरण लेकर अपनी जान बचाई थी. दंगों में अपने ताऊ और बड़े भाई को खो चुके हफ़ीज़-उर-रहमान के मुताबिक़, उस हादसे के बाद से तो यहाँ अमन-चैन रहा है लेकिन जब भी अयोध्या में कोई बड़ा आयोजन होता है और लाखों लोग आते तो हम ख़ौफ़ज़दा रहते हैं. इस बार भी डरे-सहमे तो हैं. उम्मीद यही है कि सब शांत रहे 16वीं शताब्दी में बनी और दशकों से विवादित रही बाबरी मस्जिद को 1992 में गिरा दिया गया था. इसके बाद अयोध्या समेत देश के कई हिस्सों में हुए दंगों में लगभग 2,000 लोगों की मौत हुई थी. फिर हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष के बीच पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में एक लंबी क़ानूनी लड़ाई चली.

हिंदू संगठनों का मानना रहा है कि बाबरी मस्जिद दरअसल राम जन्मभूमि है और उसे एक मंदिर को तोड़ कर बनाया गया था.आख़िरकार सुप्रीम कोर्ट (पाँच जजों की संविधान पीठ) ने 2019 के ऐतिहासिक फ़ैसले में ये कहते हुए कि बाबरी मस्जिद ग़ैर-क़ानूनी तरीक़े से गिराई गई थी, ये भी तय किया कि अयोध्या की विवादित भूमि पर मंदिर बनाया जाएगा.अदालत के आदेश पर अयोध्या से क़रीब 20 किलोमीटर दूर, धन्नीपर में, एक नई मस्जिद के लिए जगह भी तय हुई है. हक़ीक़त ये भी है कि राम मंदिर परिसर के इर्द गिर्द क़रीब एक दर्जन मस्जिदें, मदरसे और मज़ारें हैं, जहाँ सदियों से पूजा-पाठ और अज़ान साथ-साथ होती रही है. इनमें प्रमुख हैं तहरीबाज़ार जोगियों की मस्जिद, ख़ानखाहे मुज़फ़्फ़रिया, मस्जिद दोराही कुआँ, मस्जिद क़ज़ियाना, मस्जिद बदर पंजीटोला, मस्जिद मदार शाह और मस्जिद इमामबाड़ा. क़रीब 30 लाख आबादी वाले अयोध्या ज़िले में पाँच लाख मुस्लिम रहते हैं, जिनमें क़रीब पाँच हज़ार नए राम मंदिर के इर्द-गिर्द रहते आए हैं. अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर महीने राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद 25-30 लाख हो सकती है. पुराने नुक़सान को याद करके अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों के मन में बेचैनी भी है. अयोध्या से सटे फ़ैज़ाबाद टाउन में मोहम्मद ख़लीक ख़ान की स्टेशनरी की दुकान और और उनकी कई पीढ़ियाँ यहीं रहती रही हैं.

उन्होंने बताया, अभी आठ-दस दिन पहले टाटशाह मस्जिद पर कुछ लोग आए थे अयोध्या से, ये बताने के लिए कि हम लोग घर छोड़ कर जा रहे हैं क्योंकि बड़ी भीड़ होगी. लेकिन यहाँ के उलेमा लोगों ने उन्हें समझाया कि आप लोग छोड़ के न जाइए, हम अधिकारियों से बात कर रहे हैं.

इसके बाद कुछ पुलिसवालों ने भी उन्हें रोका कि आप लोग अयोध्या छोड़ के न जाइए हम आपकी हिफ़ाज़त करेंगे.इन ख़बरों के बीच कि अयोध्या के कई मुस्लिम परिवार आगामी प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ दिनों के लिए बाहर जा रहे हैं. स्थानीय प्रशासन और प्रदेश सरकार ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि इस आयोजन और उसके बाद की सुरक्षा के लिए इंतज़ाम पूरे हैं और किसी को घबराने की ज़रूरत नहीं. अयोध्या से सत्ताधारी भारतीय जानता पार्टी सांसद लल्लू सिंह ने बीबीसी से कहा, सभी की सुरक्षा की जाएगी और अल्पसंख्यक समुदाय के किसी भी व्यक्ति को परेशान होने या डरने की ज़रूरत नहीं है. उन्होंने कहा, जिस प्रकार अयोध्या के अन्य नागरिक रहते हैं उसी रूप में वो रहते हैं और हम आपसी भाईचारे का व्यवहार बना कर रखते हैं. हमारे प्रधानमंत्री जी तो विकास के जितने भी काम कर रहे हैं वह सबके लिए कर रहे हैं. उसमें कोई ये नहीं कह सकता कि इस धर्म का ज़्यादा हुआ या उस धर्म का कम हुआ. हमारे संगठन ने कभी हमसे ये नहीं कहा कि किसी से दूरी बनाकर रखिए क्योंकि सब भारत के नागरिक हैं. वैसे कुछ हफ़्ते पहले हम राम मंदिर से महज़ 100 मीटर की दूरी पर बने एक बड़े मदरसे गए थे जहाँ हाजी हाफ़िज़ सैय्यद एखलाक़ के साथ बातचीत भी हुई थी. तब उन्होंने कहा था, 'इस परिसर के आसपास अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की कई ज़मीनें हैं और कुछ लोग इस दुविधा में भी हैं कि यहाँ कब तक रहना चाहिए. गुरुवार को जब उनसे मिलने दोबारा पहुँचे तो उन्होंने हमसे बात करने से मना कर दिया और उनके एक कर्मचारी ने गेट से हमें लौटते हुए कहा, मीडिया वालों से बात नहीं करेंगे हाजी साहब.

बहराल, हमारी मुलाक़ात अयोध्या में सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद आज़म क़ादरी से हुई जिनका मत है कि, अयोध्या में अल्पसंख्यकों को लगता है उन्हें कम पूछा जा रहा है. उन्होंने कहा, च्मेरे भी धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार होते तो हमको भी ख़ुशी मिलती और इस गंगा-जमुनी तहज़ीब में चार चाँद लग जाते कि हाँ, प्रधानमंत्री जी सभी कम्यूनिटी के हैं, किसी एक के नहीं.

यहाँ की कम्यूनिटी किसी राजनीति में नहीं पड़ना चाहती और न तो राजनीति का हिस्सा बनना चाहती है कि अब किसी भी तरह से हम हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने का कोई काम करे या हम लोगों के ऊपर कोई राजनीति करे. जो चीज़ें जहां जैसे हैं वो महफ़ूज़ रहें, यही चाहते हैं यहाँ के लोग.प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर को तैयार होने में दो साल तक लग सकते हैं. निर्माण कार्य चौबीसों घंटे जारी है और भक्तों का आगमन भी बढ़ रहा है.चौक इमामबाड़े के पास रहने वाले हामिद जाफ़र मीसम अयोध्या की शिया वक़्फ़ कमेटी के अध्यक्ष हैं और कहते हैं, जब सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला आ गया तो उस पर किसी भी तरीक़े का कोई विवाद नहीं है. मस्जिद भी धन्नीपुर में बन रही है और मंदिर भी बन रहा है, इस पर मुसलमान को कहीं भी कोई आपत्ति नहीं है.लेकिन 22 जनवरी वाले कार्यक्रम पर मीडिया के कुछ लोगों का यहाँ के मुसलमानों से पूछना कि आप क्या करेंगे 22 को, ये सही नहीं है. अरे भई 22 को भी वो वही करेंगे जो वो 21 को कर रहे थे.

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान का ईराक पर हमला युद्ध को व्यापक बना सकता है

ईरान ने सर्वप्रथम पाकिस्तान की सीमा के भीतर आतंकवादी कैम्प में मिसाईल और ड्रोन से हमला किया था। जिसका ईट का जवाब पत्थर से देते हुवे पाकिस्तान ने भी ईरान पर हमला किया। फलस्वरूप, संवेदनशील क्षेत्रों में तनाव और अशान्ति का वातावरण बना है। वहां की स्थिरता पर भी सवालिया निशान लगा है। यह हमला भी तब हुआ जब लम्बे दिनों से लगभग तीन माह से हमास और इजराइल के बीच युद्ध चालू है और गाजा जमींदोज होने के कगार पर है। किन्तु, इसी के साथ युद्ध के कारण सम्पूर्ण मध्य-पूर्व क्षेत्र में तनाव चरमसीमा पर है। इतना ही नहीं यमन में ईरान समर्पित हूती विद्रोहियों जो राता समुद्र से पसार हो रहे हैं, उन जहाजों को सतत् निशान बना रहे हैं। जिसके कारण, वैश्विक स्तर पर व्यापार प्रभावित हो रहा है। इरान ने जैश अव अदल नाम के आतंकवादियों के कैम्प को निशाना बना रहे है। पाकिस्तान के सीमाई क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी मुहिम दल है। यह दल ईरान के भीतर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देता है। उल्लेखनीय कि दोनों ही देशों के बीच लगभग 950 किलोमीटर लम्बी सीमा है। ईरान में शिया मुसलमानों की बहुसंख्या है। जबकि सिस्तान प्रदेश में अधिकांश संख्या सुन्नियों की है। दोनों देशों के बीच के संबंधों में कटुता है। इसके बावजुद दोनों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हैं। दोनों ने ही सुरक्षा, व्यापार व ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बरकरार रखा है। निःसंदेह यह हमला अनपेक्षित है। क्यों कि दावोस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और ईरान के विदेश मंत्री की भेंट वार्ता हो चुकी थी। यद्यपि, ईरान की आक्रमकता का शिकार केवल पाकिस्तान ही नहीं बना इससे भी अन्यों को भी हैरानगी हुई है। एक ही सप्ताह में घटी यह तीसरी घटना है। जिसमें ईरान ने अन्य किसी देश की क्षेत्रीय सीमा का उल्लंघन करके हमला किया है। पाकिस्तान के पहले ईराक और सीरिया पर भी ईरान ने हमला किया है। इस पर संभावना दिख रही है कि ईरान की आक्रमक व्यूहरचना क्या लम्बे परिणाम दिखायेगी? इसके अलावा हमास, हुती, हिजबुल्ला जैसे दल भी विरोध में हैं।

राता समुद्र में से गुजरने वाले जहाजों पर हुती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए अमेरिका ने कई ठिकानों पर हमला किया है। इस तरह ईरान समर्थित दलों के हमले और इराक तथा सीरिया के बाद परमाणु शक्ति सम्पन्न पाकिस्तान पर उसकी कार्यवाही को गाजा पर चल रहे युद्ध से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अगर, युद्ध व्यापक रूप से हुआ तो इसका व्यापक रूप से गंभीर परिणाम भी देखने को मिल सकता है।



## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 43 : दान देने का अहंकार भी है घातक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर उस सुरम्य स्थान के निकट पहुंच रहे हैं। गुरु शिष्यों को इस स्थान के बारे में बता रहे हैंः-

''यह सिद्धाश्रम है। इस आश्रम में सिद्ध ऋषि मुनि रहते हैं।इस आश्रम में महर्षि कश्यप और अदिति ने भी निवास किया था। भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में उनका पुत्र बनकर जन्म लिया था।''

''तो भगवान वामन ने भी इस आश्रम में निवास किया था।'' श्री राम ने पूछा।

विश्वामित्र जी ने कहा, ''हां राम! वामन देव इस आश्रम में अपने पिता से श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त कर रहे थे। यहीं से उन्होंने दैत्यराज बलि के यज्ञ के लिए प्रस्थान किया था और उनसे दान में तीन पग भूमि की याचना की थी। उन तीन पगों में वामन जी ने संपूर्ण धरती- आकाश को नाप लिया था और बलि को पाताल भेज दिया था।''

लक्ष्मण जी यह कथा सुनकर अत्यंत रोमांचित हो गए। उन्होंने विश्वामित्र जी से कहा, ''गुरुदेव! वामन जी में कितनी दिव्यता रही होगी इसीलिए इस आश्रम में प्रवेश से पूर्व ही यहां के वातावरण में सकारात्मक तरंगें हैं।''

आश्रम का प्रवेश द्वार पास आ गया था। गुरु विश्वामित्र ने लक्ष्मण के सिर पर हाथ फिरते हुए कहा, ''ऐसे ही होता है वत्स! अपने बुद्धि चातुर्य से वामन देव ने दैत्यराज बलि का घमंड चूर कर दिया था। दान करने का अहंकार भी मनुष्य के कल्याण में बाधक है।''

आश्रम के द्वार पर ही एक-दो तपस्वी दिखाई दे रहे हैं। श्री राम ने कहा, ''जी गुरुदेव! किसी को कुछ देने का घमंड भी घातक है। व्यक्ति तो केवल माध्यम है। अपनी दानशीलता के अहंकार में बलि ने यह भी नहीं सोचा कि उनके सामने याचक बनकर खड़ा यह बालक उनसे क्या मांग सकता है।''

जब महर्षि विश्वामित्र ने बताया कि दैत्य गुरु शुक्राचार्य राजा बलि को वामन देव हेतु दान का वचन देने से रोक रहे थे, तो लक्ष्मण जी को हंसी आ गई। उन्होंने कहा।

''राम भैया! गुरु और बड़ों की अवज्ञा करने पर ऐसे ही होता है।'' यह सुनकर श्री राम भी हंस पड़े। गुरु विश्वामित्र और राम लक्ष्मण सिद्धाश्रम के प्रवेश द्वार में पहुंच गए।

गुरु विश्वामित्र का अभिवादन करने के बाद वहां उपस्थित एक तपस्वी ने आश्चर्य करते हुए कहा, ''आप लोग इतनी सुबह ताड़का वन क्षेत्र की ओर से आ रहे हैं, अर्थात आप लोगों ने रात्रि वहां व्यतीत की। श्री हरि की कृपा है कि कुछ अमंगल नहीं हुआ।''

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों - युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य -309

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल



## कविता

### ||यही सत्य कुछ और नही||

तुम बस दशरथ नन्दन होते तो, राजमहल न तज पाते।
मन अवध न बन पाता, न तुम इतना आँसू पी पाते।।
भूत अनुभूत समाहित हो तुम, अन्तस हरषा जाते हो।
घट-घट वासी अविनाशी ईश्वर होने का दुख पाते हो।।
उस युग में वन-वन भटके, इस युग मे तेरा ठौर नही।
हृदय में घर करना सिखलाते, यही सत्य कुछ और नही।।
खुले गगन तले विग्रह तेरे, खुद के सिर छत न पाते हो।
तुम्हे मिटाने दुष्चेष्ठ कृत्य, बस तुम्ही सह पाते हो।।
तेरी इच्छा भृकुटि मात्र से, जब होता निर्माण प्रलय।
दुश्मन को दुश्मन न माने, क्षमाशील तुम सदा अजय।।
विधि हो तुम्ही विधान हो, खुद विधान से बंध जाते हो।
आदि मध्य अनन्त हो मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाते हो ।।
कोई आक्रांता फिर से तुझे, कर न सके बेघर कभी।
जिन पथ में चरण रज तेरे, रक्त की धार न बहे कभी।।
तुम स्वयं हो प्राण प्रतिष्ठित, जन मन हृदय अधिष्ठित हो ।
युगों युगों मर्यादा अभिनन्दित, तुम त्रैलोक्य वन्दित हो।।
हे राम रम्य निष्काम रम्य हे, तेरी प्रतीक्षा करे सभी।
सरयू जल हो आचमन, रामत्व गुण पा सके सभी।।
गर्व नसाने हे परमेश्वर, अब गर्भ
गृह आसन पा जाओ।
उतरे धरातल रामराज्य,
अब ऐसी शासन ला पाओ।।



रोशन साहू (मोखला)

## कविता

### 'अब भी समय है......संभल जाओ'

'अब भी समय है ......संभल जाओ'।
बड़े-बुजुर्गो की बातें मानना सीख जाओ,
बुजुर्गो की बातों का अवहेलना ना करो.......
बुजुर्गो का सम्मान करना सीख जाओ।
बड़ों का दिया आशीर्वाद 'सदा' साथ रहते है,
ये भी जान जाओ जीवन नया गढ़ना सीख जाओ।
'अब भी समय है ......संभल जाओ'।
आधुनिकता की दुनिया से बाहर निकलो,
दिखावटी दुनिया और फुहड़ता भरी महफिल से निकलो।
नव-युवा हो, नव पीढ़ी का नया-संचार करना सीख लो,
नकारात्मक को त्यागकर, सकारात्मक में जीना सीख लो।
दिखावा की दुनिया को त्यागकर.....।
भारतीय-संस्कृति, सभ्यता, परम्पराओं से जीना सीख लो।
संभल जाओ युवा, संभल जाओ...।
नव-जीवन गढ़ना अब सीख जाओ,
खुद को बदलो, जीवन को नया ढ़ालना सीख जाओ।
नफरत को त्यागकर, प्यार से जीना सीख जाओ,
राम आ रहे है,
''जय श्री राम'' कहना सीख जाओ।
जीवन जीना है तो,
समय के साथ जीना सीख जाओ,
'नफरत' को त्यागकर,
''मानवता'' से जीना सीख जाओ।
''अब भी समय है ......संभल जाओ''



बलराम सिन्हा ''रब'' सुरगी

## राशिफल



**मेष** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पारिवारिक काम को पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।



**वृषभ** — आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कोई काम रुक सकता है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे।




**मिथुन** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवी के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।



**कर्क** — आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा।




**सिंह** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं।



**कन्या** — आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।



**तुला** — आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी।



**वृश्चिक** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिए दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है।



**धनु** — आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर के साथ बिताएंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।



**मकर** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा।



**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी, हर कोई आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आपका कोई सानी नहीं होगा।



**मीन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते बने रहेंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी।

## पहला कॉलम...

### भाजपा चलायेगी क्षेत्र के मंदिरों में सफाई अभियान

**20 व 21 जनवरी के लिए कार्यकर्ताओं को आव्हान**

डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री के आव्हान पर अब आगामी दो दिनों तक भाजपा मंदिरों में साफ सफाई अभियान चलायेगी। इसके लिए भाजपा द्वारा 20 व 21 जनवरी दो दिन तय किये गये हैं और मंडल के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपने-अपने गांव, नगर व आसपास के मंदिरों में यह अभियान चलाने का आव्हान किया गया है।

बता दें कि बीते दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं सीहोर के गणेश मंदिर की साफ सफाई कर लोगों को अपने आसपास के मंदिर और उसके परिसर की नियमित साफ सफाई का आव्हान किया था। जिसके बाद पूरे देश में यह अभियान व्यापक रूप से जन अभियान बन गया। इसी तारतम्य में अब मंडल भाजपा द्वारा भी इस अभियान को गति देते हुए भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों व देवालयों की साफ सफाई का अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, महामंत्रीद्वय संतोष यादव व बालकृष्ण सिन्हा ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर सभी से उक्त अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### मोखला में राम मंदिर का भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोखला में आशिर्वाद नवयुवक मंडल एवम् समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 15 जनवरी को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन पूज्य दीदी जी सोनम तिवारी, पंडित गोपेश्वर तिवारी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। जिसमें आशीर्वाद नवयुवक मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण और ग्रामवासियों उपस्थिति थे। जिन्होंने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को लेकर ग्राम मोखला में भी उत्सव का माहौल है। इस दिन हर घर दीपावली मनाएं जाने का आग्रह किया जा रहा है।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



छुरिया (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर नगर छुरिया में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति सुरक्षा समिति की बैठक आहूत किया गया। आज दिनांक 19 जनवरी को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना छुरिया परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चंद्रा के द्वारा तहसीलदार विजय कोठारी, श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, सुनील लारोकार अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, वार्ड पार्षदों क्षेत्रीय पत्रकारों, मुस्लिम समुदाय से सदर के सदस्यों की उपस्थिति में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में होने वाले रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर छुरिया में शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने हेतु शांति सुरक्षा की बैठक ली।

### नगर में होने वाले शिवमहापुराण कथा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्था का जायजा लिया



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के वार्ड 06 में गोडवाना मैदान में होने वाले शिव महापुराण कथा का आयोजन 19 जून से 25 जून तक होना तय है, आयोजन समिति के द्वारा प्रशासन को कथा स्थल के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके उपरांत एसडीएम रेणुका रात्रे एवं उनकी टीम के द्वारा 18 जनवरी को स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य कथा मंच एवं श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले डोम, भोजन, पंडाल, पानी, शौचालय, यातायात, विद्युत, आपात चिकित्सा व्यवस्था, बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग के संबंध में विस्तृत जायजा लिया गया। समिति के द्वारा बताया गया कि कथा स्थल के नक्शा खसरा, जमीन मालिक के अनुमति, श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के विषय में नवनियुक्त जिलाधीश, चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात करके अवगत करा दिया गया है, समिति को प्रशासनिक अनुमति मिलने के पश्चात आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान सुनील अग्रवाल, राकेश जायसवाल, अनिल जैन, भिगेश यादव, सुधांशु यादव, संगीत चौबे, अशोक ताम्रकार, संतोष ठाकुर, संदीप गोयल, गोपु तिवारी, निखिल राजपूत, अनुराग ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गुरुगोविंद सिंह प्रकाशपर्व सिख समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया गया



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। गुरुगोविंद सिंह की जयंती के अवसर पंजप्यारों की अगुवाई में सिख समुदाय के लोगों ने नगर में भव्य रैली का आयोजन किया। सिख समुदाय के लोगों ने विभिन्न तरह के वेशभूषा पहनकर नगर का भ्रमण किया, रैली की शुरुआत नगर के स्थानीय गुरु द्वारा से हुई जो नगर के चौक चौराहों से होते हुए गुजरी, साथ ही भजन कीर्तन व आतिशबाजी, गाजेबाजे और गतका के साथ रैली को निकाला गया था जिसके स्वागत के लिए जगह-जगह पर नगर के लोगों के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। वहीं जयंती के उपलक्ष्य में दो दिन भव्य लंगर का आयोजन किया गया। 18 जनवरी को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन शहर भर में भ्रमण किया, जिसमें कीर्तन तथा गतका का कार्यक्रम शामिल था। शहर के लोग भी रैली में भाग लिए तथा जगह-जगह पर रैली का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा से निकलकर नगर भ्रमण करने के पश्चात गुरुद्वारा में रैली का समापन हुआ।

# फसल बीमा की राशि दिलाने वाले भाजपा नेताओं का किसानों ने किया सम्मान, कराया मैत्री भोज



**० उपलब्धि - तत्कालीन कांग्रेस शासन के असहयोग के बाद भी भाजपा नेताओं ने किसानों को दिलवाया लाखों का लाभ**

**० डोंगरगढ़ विकासखंड के 11 ग्रामों सहित प्रदेश के 162 ग्रामों के हजारों किसान प्रभावित थे**

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा भुगतान की राशि से वंचित किए जा रहे प्रभावित किसानों को लाखों रुपए की राशि का भुगतान करवाकर पूर्व विधायक रामजी भारती, रवि अग्रवाल सहित सहयोगी भाजपा नेताओं को लाभान्वित ग्रामों के किसानों ने सादर आमंत्रित कर अपने ग्राम के ग्रामीणों के बीच स्वागत अभिनंदन कर सम्मानित किया।

नेताओं का शाल, श्रीफल भेंटकर, मैत्री भोज कराकर, अन्नदाता किसानों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे सहित उन सभी भाजपा नेताओं का आभार जताया। जिन्होंने तत्कालीन कांग्रेस शासन के असहयोगपूर्ण रवैया के बावजूद किसानों को उनके हक अधिकार की राशि दिलाने में प्रत्यक्ष-अपराध प्रत्यक्ष सहयोग किया।

#### किसान सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर हुए थे

प्रदेश के 173 ग्रामों के किसानों का बीमा, बीमा राशि जमा होने के बाद भी तकनीकी कारणों से किसानों का फसल बीमा नही हो पा रहा था। इस हेतु पोर्टल खुलवाने की मांग को लेकर स्थानीय प्रभावित 11 ग्रामों के किसानों ने भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ी। जिसका लाभ अंततः फसल बीमा के दायरे में आने वाले किसानों को मिला।

डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम ठाकुर टोला, कोलेंद्रा सहित प्रभावित ग्रामों के चिंतित सैकड़ों किसानों द्वारा बीमा पोर्टल खुलवाने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के स्थानीय विधायक सहित वरिष्ठ नेताओं व अधिकारियों से निवेदन किया गया, किंतु उनके असहयोगपूर्ण रवैए के कारण मायूस किसान भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर हुए थे।

#### किसानों ने भाजपा नेताओं का किया सम्मान कराया मैत्री भोज

वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में फसल बीमा कराने से वंचित किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल खुलवाकर प्रभावित किसानों को सहयोग करने वाले भाजपा नेताओं का फसल बीमा से लाभान्वित किसानों ने ग्राम ठाकुरटोला में सम्मानित किया गया। ज्ञात होवे की पूर्व विधायक रामजी भारती के मार्गदर्शन व वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल के नेतत्व में किसानों ने हर स्तर की लड़ाई लड़ी थी। किसानों के हित में आन्दोलन मे सहयोग करने वाले पूर्व विधायक रामजी भारती, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, सहकारिता नेता महेंद्र वैष्णव,पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उपकार साहू सहित अन्य भाजपा नेताओं का शाल, श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर किसानों द्वारा आत्मीय स्वागत व आभार व्यक्त किया गया तथा ग्रामीणों के साथ मैत्री भोज कराया गया।

#### डॉ. रमन व सांसद पांडे सहित भाजपा नेताओं का जताया आभार

लाभान्वित किसानों ने बीमा करने में सहयोग प्रदान करने वाले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वालो का आभार जताते हुए कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप भाजपा नेताओं ने किसानों का हर स्तर पर साथ दिया। ज्ञात होवे कि पूर्व विधायक रामजी भारती के निवेदन पर डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे ने तत्कालीन कृषि मंत्री को पत्र लिख कर तकनीकी कारणों से बीमा से वंचित सैकड़ों किसानों का बीमा सुनिश्चित करने बीमा पोर्टल खुलवाने का अनुरोध किया था। फलस्वरूप वंचित किसानों का बीमा हो पाया और जिन ग्रामों के किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, उन्हें फसल बीमा का लाभ मिल पाया।

प्रभावित ग्रामों के किसानों को ग्रामीण प्यारा दास साहू व देवकुमार वर्मा ने मिलकर लड़ाई जारी रखने प्रेरित किया। जिसका सुखद परिणाम मिलने पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया है। लाभान्वित किसानों में तेज लाल वर्मा, (18 हजार रूपए), लाल सिंह (45 हजार रुपए), चिंता वर्मा (21 हजार रूपए), भोज राज (51 हजार रुपए) आदि ने भी खुशी व्यक्त किया है।

#### अन्नदाता किसानों की सेवा ही सच्ची देश सेवा - भारती

पूर्व विधायक रामजी भारती ने उन सभी किसानों का आभार जताया जिन्होंने उन पर पूर्ण विश्वास करके सहयोग की अपेक्षा की। श्री भारती ने कहा है की मुझ सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप किसानों के सच्चे हितेषी बनकर कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार पुनः स्थापित हुई और भविष्य में केंद्र में भी भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से स्थापित होगी। किसानों की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने वाले जनपद पंचायत के वरिष्ठ सदस्य रवि अग्रवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित उन सभी सहयोगीजनों का आभार जताया है, जिनके प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष सहयोग से अन्नदाता किसानों ने अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़कर जीत हासिल की। अभिनंदन कार्यक्रम में प्यारदास साहू, हेम कुमार साहू, देवनाथ वर्मा, अनिल वर्मा, एत्रिक वर्मा, तीज लाल, दिनू राम, घसिया पटेल, टीकम वर्मा, नरोधन यादव, चिंताराम वर्मा, अहिल्या बाई, सोनिया बाई, रामचंद पटेल, मेहत्तर वर्मा, रोशन वर्मा, देव कुमार वर्मा, चिंता वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम जानकी की झांकी के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला व अंबागढ़ चौकी में श्री हनुमान लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार से छह दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा से हुई। इस दौरान 23 जनवरी तक विविध धार्मिक आयोजन होंगे। नगर में श्री हनुमान लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगरवासियों में उत्साह है। नगर के मुख्य मार्ग विशेषकर गुप्ता चौक से बजरंग चौक होते हुए राजबाड़ा, गांधी चौक तक नगर को सजाया गया है। इस विशेष पर्व को लेकर समूचे नगर में भगवान श्रीराम व भगवान श्रीहनुमान की तस्वीर वाले फ्लैक्स, भगवा पताकों एवं तोरण से सजाया गया है। जिससे पूरा नगर इस धार्मिक आयोजन से जुड़ गया है। खास बात यह है कि इस आयोजन को लेकर नगर में हर वर्ग एवं धर्म के अनुयायियों का समर्थन व सहयोग श्रीराम भक्तों को प्राप्त हो रहा है। राजबाड़ा में श्रीराम कथा 23 जनवरी तक रोज शाम 4 से रात 8 बजे तक होगी।

#### भक्तों ने 151 मंगल कलश के साथ किया नगर भ्रमण

नगर के आनंदधाम राजवाड़ा में आयोजित श्रीराम कथा का शुभारंभ गुरुवार को मंगल कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा को लेकर नगर की माताओं में विशेष उत्साह था। यात्रा में बैंडबाजा, डीजे, सहित भगवान श्रीराम, जानकी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग सुभाष चौक, गंज लाइन होते हुए सीधे नगर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ पहुंची। जहां पर कलश में शिवनाथ का जल लेकर शोभायात्रा आगे बढ़ी जो बाजार चौक, पटेलपारा, शंकरपारा, कुम्हार पारा, आम्बेडकर चैक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक स्थित भगवान श्री हनुमान लला मंदिर में आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में नगर की माताओं के अलावा बड़ी संख्या में आसपास गांवों की महिलाएं भी शामिल हुईं।



पूरा नगर हुआ राममय

श्रीराम कथा सुनाने के लिए अयोध्या से पहुंचे पं. पूर्णेन्दु आयोजक समिति श्री महावीर मंदिर निर्माण न्यास ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 4 से रात 8 बजे तक चलेगी। कथावाचक अयोध्या से पहुंचे पंडित पूर्णेन्दु तिवारी होंगे। वनांचल मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी में यह उनकी पहली राम कथा है। जिसे लेकर नगरवासियों व श्रीरामभक्तों में उत्साह है। कार्यक्रम में मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हैं। शहर में कलश यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत श्रीराम कथा एवं भगवान श्रीराम लला व श्रीहनुमान लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ।

## जीवन संघर्षों का नाम - सोनाली लोया

**विशेष शिविर में शिविरार्थियों हेतु बौद्धिक चर्चा**



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम ढारा में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पद्मे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी तथा सहयोगी प्राध्यापकगण एवलाल मेश्राम एवं वासुदेव साहू के उपस्थिति में शिविर पांचवे दिन 16 जनवरी को बौद्धिक परिचर्चा हेतु मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू महाविद्यालय की रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती सोनाली लोया उपस्थित रही। बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रीमती लोया ने शिविरार्थियों को बताया कि किसी भी परिस्थिति से हारे नही, जीवन संघर्षों का नाम है। संघर्ष ही जीवन है, आप जीतना संघर्ष करेंगे आपको जीवन में सफलता मिलने के उतने अधिक अवसर होंगे। शिविर में वासुदेव साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती लोया को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवकों, दलनायक विक्की रामटेके, वैशाली लाउत्रे, राजाराम सिन्हा, प्रज्जवल गेडाम, कौशल लीना, मानसी उमाकांत, दीपशिखा, रोशन, वीरेंद्र, मयूरी, निकिता माधुरी एवं समस्त स्वयंसेवकों द्वारा आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन अनुशासन सचिव उमाकांत द्वारा किया गया।

## नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर पंचायत अंबागढ चौकी भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत अंबागढ चौकी में 18 जनवरी को जनपद पंचायत प्रांगण में किया गया, जिसमें शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और लाभान्वित कराने के लिए शिविर में विभागवार स्टॉल लगाकर लोगों तक जानकारी के साथ साथ लाभ दिया गया, जिसमें नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नागरिकों की काफी भीड़ देखी गई। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ विकसित भारत संकल्प के तहत वैन का स्वागत कर किया गया, मुख्य अतिथियों के द्वारा भारत माता के चलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया, जिसके पश्चात् नववर्ष का केंद्र सरकार द्वारा जारी कलेंडर एवं बुकलेट का विमोचन कर नागरिकों में वितरण किया गया। विकसित भारत की कहानी एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा संचालित वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का लाईव संदेश प्रसारित किया गया, मंचस्थ अतिथियों के स्वागत पश्चात विकसित भारत के तहत उपस्थित अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारी, नागरिकों के द्वारा शपथ लिया गया, चलचित्र का प्रसारण किया गया, नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत, मातृत्व वंदना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, उज्वला गैस इन सभी के द्वारा विभिन्न योजनाओं से सफल लाभार्थी अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया गया, निकाय द्वारा उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया तथा हितग्राही की स्वास्थ्य जांच किया गया, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल एवं शा.बा.उ.मा.शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई साथ ही उपस्थित जन प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, किसान, महिला एवं विधार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमें सही उत्तर देने वाले को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत कार्यालय के अलावा राजस्व विभाग, स्वाथ्य विभाग, महिला बाल एवं विकास, खाद्य विभाग, पंजाब नेशनल बैंक, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आधार कार्ड अपडेशन द्वारा सम्बन्धित योजनाओं जैसे प्रधानमत्री स्व. निधि, प्रधानमत्री आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्वला योजना अटल पेंशन, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परिक्षण के स्टाल लगाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किये जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना- 24, तहसील राजस्व विभाग- 64, आयुष्मान कार्ड- 10, प्रधामनंत्री विश्वकर्मा योजना- 70, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना- 52, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना- 0, एवं आधार कार्ड अपडेशन हेतु 137 आवेदन प्राप्त हुये तथा उनको जानकारी प्रदाय की गई। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, संजीव शाह, पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक, गुलाब गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष, दिलीप वर्मा जिला महामंत्री, राजेश सिंगी, देवनारायण कुंभकार, श्रीमती कमलेश सारस्वत, राजू कुरैशी, अविनाश त्रिपाठी, काशी निषाद, सुरेश नेताम, आशीष द्विवेदी, सतीश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या रमेश ताम्रकार उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम एवं वरिष्ठ पार्षद अशोक वर्मा, विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्रीय नोडल अधिकारी सर्वेश्वर मांझी, कलेक्टर एस. जयवर्धन, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हेमेंद्र भूआर्य जिला पंचायत सीईओ हेमंत ठाकुर, तहसीलदार अं.चौकी, सीईओ जनपद पंचायत अं.चौकी, बीईओ अं.चौकी, बीएमओ अं.चौकी दिलीप कुमार यदु, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत अंबागढ चौकी, उप अभियंता हरिशंकर वर्मा, लेखापाल तिलकराम यादव व नगर पंचायत अं.चौकी समस्त कर्मचारी एवं नगरवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## कल श्री राम के नाम रक्तदान शिविर एवं कवि सम्मेलन आयोजित

गैंदाटोला (दावा)। अयोध्या की पावन नगरी में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वनांचल क्षेत्र गेंदाटोला में 21 जनवरी रविवार को दुर्गा मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू और अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव करेंगे एवं रात्रि में कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू एवं अध्यक्षता समाजसेवी सुभाष यादव के द्वारा किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के रसखान मीर अली मीर, संचालन मनोज शुक्ला, हास्य कवि कृष्णा भारती, हास्य कवि मुनीराम बादल और मध्य प्रदेश खंडवा के दृष्टिहीन कवि अकबर ताज इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संस्थाएं एवं रक्तदाता इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की मदद कर रक्त उपलब्ध कराना है। जिसमें हीमोफीलिया, थैलेसीमिया दुर्घटना में घायल व्यक्ति, गर्भवती महिला, सिकलिन के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। क्षेत्र के सामाजिक संस्थाओं के युवाओं के द्वारा समय-समय पर रक्तदान कर लोगों की जीवन बचाने में भूमिका निभाते हैं। युवाओं के द्वारा रक्तदाता जागरूकता अभियान चलाकर नए रक्तदाताओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है जिससे कि नशे में लिप्त युवाओं को नशे से दूर रहकर इस अभियान के क्षेत्र में जुड़ने की अपील कर रहे हैं। वहीं युवा जागरुक हो रहे हैं। रक्तदाता जागरूकता अभियान समिति के संयोजक यूनुस अजनबी ने बताया कि रक्तदान करने वाले युवा कभी किसी धर्म जाति को देखकर रक्तदान नहीं करते और कौमी एकता की मिसाल लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। समाज सेवा को ही अपना धर्म मानते हुए क्षेत्र के युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

श्री राम के नाम रक्तदान शिविर में 50 से अधिक युवा अपना रक्तदान का रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पदचिन्हों पर चलकर सेवा ही धर्म की दिशा में अपना काम कर रहे हैं और मरीजों की जीवन बचा रहे हैं। क्षेत्र के युवा बहुत ही जागरूक हो गए हैं और अपने स्वयं के साधन से 50 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाकर रक्तदान करते हैं एवं उनके द्वारा कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है। निशुल्क सेवा में रक्तदाता अपना पुण्य काम कर रहे हैं और लोगों का जीवन बचा रहे हैं। लोग खुशी-खुशी रक्तदाताओं को अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं। युवा देश का भविष्य है युवाओं को इस सामाजिक क्षेत्र में आगे आकर अपना दायित्व निभाना चाहिए।

### 22 को फिर एक बार दीपावली का माहौल, घर-घर बाँटे गये दीये - छबिलाल यदु



राजनांदगांव (दावा)। मिट्टी का दीया घर-घर बाँटे, सम्पूर्ण भारत वर्ष में 22 जनवरी को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम गांव में एक बार फिर से दीपावली का माहौल बन रहा है। अपने-अपने तरीके से भगवान श्रीराम के स्वागत सम्मान को घर-घर दीया जलाकर बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाना है। अपने घर के प्रांगण में दीप प्रज्जवलित करके उत्साहित होकर मनायेंगे। तीर्थ यादव, केदार साहू, योगेश यदु, डेहेर लाल साहू, दीना धनकर, शिवा साहू एवं समस्त ग्रामवासी इंदावानी उपस्थित थे। उक्त जानकारी छबिलाल यदु द्वारा दी गई।

# पहला कॉलम...

## इजरायली हमले में मारा गया फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन का डिप्टी चीफ वाएल अबू-फ़नौना

नई दिल्ली। इजरायली सेना ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए फ़लिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन के डिप्टी चीफ वाएल अबू-फ़नौना को एक एयरस्ट्राइक में मार गिराया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज को लंबे समय से इसकी तलाश थी। वाएल माकिन अब्दुल्ला अबू-फ़नौना फ़लिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन में उप प्रमुख था। आइडीएफ ने गुरुवार को एक हवाई हमले में उसके ठिकाने को खोज निकाला और इसके बाद उसे ढेर कर दिया। सेना ने शुक्रवार को इज़रायल सुरक्षा सेवा (शिन बेट) के साथ एक संयुक्त बयान में अबू फनौना के मारे जाने घोषणा की। फैनौना को 12 दिसंबर 1989 को मूल रूप से इज़रायल में गिरफ्तार किया गया था और उसकी आतंकवादी गतिविधियों के लिए तीन आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन 2011 में गिलाद शालित कैदी सौदे के हिस्से के रूप में उसे रिहा कर दिया गया था। फनौना ने तब फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के उत्तरी गाजा पट्टी कमांडर खलील अल-हया के डिप्टी के रूप में कार्य किया। इसके बाद वह 2017 से फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन के सूचना नेटवर्क के उप प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा था। फनौना इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट हमलों से संबंधित आतंकवादी वीडियो बनाने और गाजा में आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए मनोवैज्ञानिक युद्ध के हिस्से के रूप में इजरायली बंदियों के दस्तावेज बनाने और प्रसारित करने के लिए भी जिम्मेदार था।

## भूस्खलन, 7 लोगों की मौत

एपी, दावाओ। भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दक्षिणी फिलीपींस में एक घर ढह गया, जिससे बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक आपदा- प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि घर में ईसाई लोग उस समय प्रार्थना कर रहे थे। सरकार के नागरिक सुरक्षा कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख एडनार दयानघिरंग ने गुरुवार रात कहा कि दावाओ डी ओरो प्रांत के सोना-खनन शहर मोनकायो में एक दूर-दराज के पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद पांच से 10 लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने भारी बारिश के कारण गुरुवार दोपहर में अधिक पीड़ितों की तलाश बंद कर दी, जिससे और अधिक भूस्खलन हो सकता है। खोज एवं बचाव कार्य शुक्रवार को फिर से शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के अलावा, कई दिनों की भारी बारिश से निचले इलाकों के गांवों में भी बाढ़ आ गई और दो अन्य बाहरी प्रांतों में 6,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। जिसे स्थानीय पूर्वानुमानकर्ता शियर लाइन कहते हैं, उसके कारण बारिश हुई - वह बिंदु जहां गर्म और ठंडी हवाएं मिलती हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम में बवाल, एक साथ 3 दिग्गजों ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम में बवाल खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है. हालांकि, टीम भी लगातार निराशजनक प्रदर्शन कर रही है. न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में 0-3 से पीछे है. अब खबर आई है कि टीम के तीन विदेशी कोच ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी इसकी पुष्टि कर दी है. पाकिस्तान टीम के विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और बोर्ड के साथ अपने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. इससे पहले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के तुरंत बाद बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने इस्तीफा दे दिया था. गौरतलब है कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड से लेकर मैनेजमेंट तक हर किसी की काफी आलोचना हुई थी. इसके बाद से ही पाकिस्तान टीम में बदलाव का दौर शुरू हो गया था.

## इजरायली सैनिक के सिर को हमास ने 8 लाख रुपयों में किया नीलाम

नई दिल्ली। इजरायल हमास जंग में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है. इजरायल ने कसम खा ली है कि जब तक हमास के आतंकियों का खात्मा नहीं हो जाता तब तक वह नहीं थमेगा. इस बीच एक इजरायली सैनिक के पिता का दर्द सामने आया है. पिता का आरोप है कि हमास के लड़ाके ने उसके बेटे का सिर काटकर उसे नीलाम कर दिया था. डेविड ताहर नाम के इस व्यक्ति ने अपने बेटे सीपीएल आदिर ताहर की मौत को लेकर चैनल 14 को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया है. डेविड ने बताया कि 7 अक्टूबर को आदिर गाजा सीमा के नजदीक इजरायली सैन्य चौकी पर तैनात था. चौकी पर हमास के लड़ाकों ने हमला किया और आदिर को मौत के घाट उतार दिया. इसके बाद हमास के लड़ाकों ने आदिर का सिर काट लिया और 10 हजार डॉलर में नीलाम करने का एलान कर दिया. डेविड ने बताया कि उन्हें आदिर का शव इजरायल के राष्ट्रीय कब्रिस्तान में मिला.

# डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने लेसिया सुरेंको को रौंदा, कोको गॉफ ने भी हासिल की जीत



नई दिल्ली। डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में लेसिया सुरेंको पर 6-0, 6-0 से धमाकेदार जीत के साथ अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया. 12 महीने पहले डाउन अंडर में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली सबालेंका को 28वीं वरीयता प्राप्त सुरेंको को डबल-बैगल करने और मेलबर्न में अपना लगातार 10वां मैच जीतने के लिए सिर्फ 52 मिनट की जरूरत थी. सबालेंका 2017 से 2019 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार 10 जीत दर्ज करने वाली पहली महिला हैं.

ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने हालिया प्रभुत्व के बावजूद आर्यना सबालेंका को अपने अगले मैच में ध्यान केंद्रित करना होगा जब उनका सामना एक प्रतिद्वंद्वी से होगा जिसके खिलाफ उसने ऐतिहासिक रूप से संघर्ष किया है. संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा. अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के पांच मुकाबलों में से चार में आर्यना सबालेंका को हराया है. उनका पहला मुकाबला 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन में हुआ, जिसे अनिसिमोवा 6-3, 6-2 से जीतकर उस वर्ष के 16वें राउंड में पहुंच गई.

एक अन्य मैच में कोको गॉफ ने हमवतन और एक समय की बचपन की ट्रेनिंग पार्टनर एलिसिया पार्क्स को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया. पिछले दौर में एक अन्य अमेरिकी कैरोलिन डोलेहाइड को हराने के लिए शुरुआती लड़खड़ाहट से बचने के बाद, चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को इस बार ऐसी कोई कठिनाई नहीं हुई क्योंकि वह 6-0 6-2 से जीत गई. गॉफ अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मैग्डेलेना फ्रेच या क्वालीफायर अनस्तासिया जखारोवा से भिड़ेंगी. पार्क्स पर अपनी जीत के साथ, 19 वर्षीय गॉफ ने ग्रैंड स्लैम में अपनी जीत का सिलसिला पिछले पतझड़ में न्यूयॉर्क में अपने विजयी खिताबी मुकाबले से लगातार 10 मैचों तक बढ़ा दिया. डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, वह 2000 के बाद से ग्रैंड स्लैम स्पर्धाओं में लगातार 10 मैच जीतने वाली पांचवीं किशोरी हैं।

# रिजर्व बैंक ने पांच बैंकों पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई बैंकों के कामकाज के तरीकों पर नजर रखता है और अगर बैंक नियमों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं उन पर कार्रवाई करता है. गुरुवार 18 जनवरी 2024 को केंद्रीय बैंक ने पांच सहकारी बैंकों पर कार्रवाई करते हुए लाखों का जुर्माना लगाया है.

आरबीआई ने यह कदम इनके द्वारा नियमों की अनदेखी करने के मामले में उठाया है. जिन को-ऑपरेटिव बैंकों पर कार्रवाई की गई है, उनमें ह्यत्रस्क्क को ऑपरेटिव बैंक, मुंबई स्थित न्यू इंडिया को ऑपरेटिव बैंक, गुजरात के मेहसाणा नागरिक को ऑपरेटिव बैंक और गुजरात के ही द पाटडी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का नाम शामिल है.

ह्यत्रस्क्क को ऑपरेटिव बैंक पर रिजर्व बैंक ने पूरे 50 लाख रुपये का तगड़ा जुर्माना ठोका है. मामले पर जानकारी देते हुए आरबीआई ने बताया कि बैंक ने चालू खाता खोलते वक्त आरबीआई के नियमों का पालन नहीं किया और अकाउंट में ग्राहकों को लेनदेन की परमिशन दे दी थी.

आरबीआई ने अपनी जांच के बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें बैंक के द्वारा दी गई सफाई से संतुष्ट न होने की स्थिति में आरबीआई ने को ऑपरेटिव बैंक पर पूरे 50 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है.

# सुप्रीम कोर्ट से ओ पन्नीरसेल्वम गुट को मिला बड़ा झटका

### मद्रास हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से किया इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें ओ पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों को पार्टी से निष्कासित करने के अन्नाद्रमुक जनरल काउंसिल के प्रस्ताव के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और अन्य वरिष्ठ वकील से कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि समाधान में हस्तक्षेप करना सिविल अदालत के समक्ष लंबित मुकदमे को अनुमति देने के समान होगा। पीठ ने कहा, अगर हम इस समय हस्तक्षेप करते हैं, तो यह भारी अराजकता पैदा करेगा। हमें ऐसा प्रतीत होता है, एक विभाजन है, यह अपने आप ठीक हो जाएगा। कभी-कभी, चीजों को अपने आप ठीक होने देना बेहतर होता है। क्षमा करें, हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। ओपीएस और उनके समर्थकों ने मद्रास उच्च न्यायालय के 25 अगस्त, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसके द्वारा एकल न्यायाधीश के 28 मार्च, 2023 के फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया गया था। ओपीएस और उनके समर्थकों ने 11 जुलाई, 2022 के सामान्य परिषद के प्रस्तावों में समन्वयक और संयुक्त समन्वयक पदों को समाप्त करने, महासचिव पदों को पुनर्जीवित करने और पार्टी से उनके निष्कासन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

# चौथे टी20 में भी न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को धोया ; मिचेल और फिलिप्स बने हीरो



नई दिल्ली। न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को लगातार चौथे टी20 में हरा दिया. क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेले गए मुकाबले में न्यूज़ीलैंड के डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने धुंआधार बैटिंग कर पाकिस्तान की हवा निकला दी. लक्ष्य का पीछा करते हुए डेरिल मिचेल ने 72* और ग्लेन फिलिप्स ने 70* रनों की पारी खेली. मेज़बान न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से शिकस्त दी. पाकिस्तान के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी ने सबसे ज़्यादा 3 विकेट लिए.

कीवी टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया और टीम के गेंदबाज़ों कप्तान के इस फैसले को काफी हद तक सही ठहराया, जब कीवी बॉलर्स ने पाकिस्तान को 20 ओर में 158/5 के स्कोर पर रोक लिया और बाकी का बचा हुआ काम बैटर्स ने अंजाम दिया. न्यूज़ीलैंड की बैटिंग की बात आगे करेंगे, पहले पाकिस्तान की बैटिंग का क्या हाल रहा, उसे जान लेते हैं. पाक टीम के लिए मोहम्मद रिज़वान ने सबसे बड़ी 90 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्होंने 63 गेंदों का सहारा लिया और 6 चौके एवं 2 छक्के जड़े. इसके अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज़ 25 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका.

पाक टीम के लिए मोहम्मद रिज़वान ने सबसे बड़ी 90 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्होंने 63 गेंदों का सहारा लिया और 6 चौके एवं 2 छक्के जड़े. इसके अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज़ 25 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट झटके. इसके अलावा मिलने ने 1 विकेट अपने नाम किया. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने 18.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली.

159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड की शुरुआत काफी खराब रही. कीवी टीम ने 2.4 ओवर में ही 20 रनों के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे. टीम ने इस दौरान पहला विकेट फिन एलन (08), दूसरा टिम सेफर्ट (00) और तीसरा विल यंग (04) के रूप में गंवाया. इसके बाद बैटिंग के लिए उतरे डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने ज़िम्मेदारी संभाली और टीम को जीत दिला दी.

# आईटीएफ महिला ओपन : अंकिता ने दम दिखाया, 3 भारतीय प्री-क्वार्टर में पहुंचे




बेंगलुरु । यहां के केएसएलटीए स्टेडियम में खेले गए आईटीएफ महिला ओपन में भारत की अग्रणी स्टार अंकिता रैना ने एक सेट से पिछड़ने और दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद हार के कगार से वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पहले दौर के मुकाबले में विक्टोरिया मोरवायोवा के खिलाफ जीत हासिल की।

आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने गले में खराश और पेट की ऐंठन से जूझते हुए अपने स्लोवाकियाई प्रतिद्वंद्वी को 1-6, 7-5, 6-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रुतुजा भोसले और वैदेही चौधरी ने भी अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। जहां रुतुजा ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हारने के बाद वापसी की और अगले दो सेट 7-5, 7-5 से जीत लिए, वहीं वैदेही ने ग्रीस की सफ़ो सकेलारिदी की चुनौती को 6-4, 6-2 से हरा दिया।

बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान में तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना मकारोवा जापान की क्वालीफायर नाहो सातो से 5-7, 2-6 से सीधे सेटों में हार के बाद टूर्नामेंट की पहली हार बनीं। बाद में जापान की क्वालीफायर मेई यामागुची ने सातवीं वरीयता प्राप्त सोफिया लांसरे को 6-2, 6-2 से हराकर घर भेज दिया। 3 घंटे और 31 मिनट तक चले दिन के सबसे लंबे मैच में छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोल मोनेट ने सर्बियाई देजाना राडानोविक को 7-5, 4-6, 7-6 (9) से हराया।अंकिता, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर होने से अभी-अभी वापस आई हैं, पहले सेट में काफी संघर्षपूर्ण रहीं और कभी-कभी विजेता को भी हरा देती थीं।

पहले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखने के लिए संघर्ष करने के बाद, 31 वर्षीय शीर्ष भारतीय को कुछ खराब शॉट चयन के कारण नुकसान उठाना पड़ा। मोरवायोवा, जो अंकिता से 200 से अधिक रैंक नीचे हैं, कोर्ट पर तेज थीं। उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए लगातार पांच गेम जीतकर क्लीन स्वीप दर्ज किया और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में अंकिता ने पहले गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी और तुरंत वापस ब्रेक ले लिया। हालांकि, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने चौथे और छठे गेम में ब्रेक के बाद 5-1 की बढ़त बना ली और मैच के लिए सर्विस कर रही थी, इससे पहले अंकिता ने वापसी करते हुए न केवल उनकी सर्विस तोड़ी, बल्कि अगले पांच गेम भी जीते। 9वें और 11वें गेम में ब्रेक के साथ स्कोर 1-1 हो गया।

# टेनिस खिलाड़ी डेनिएल कोलिन्स ने की घोषणा, 2024 होगा मेरा अंतिम सीज़न



मेलबर्न । दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक से ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में हार के बाद, अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिएल कोलिन्स ने घोषणा की कि 2024 डब्ल्यूटीए टूर सीज़न दौरे पर उनका अंतिम वर्ष होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन ने एक्स पोस्ट में लिखा है, डेनिएल कोलिन्स के लिए यह अंतिम ञऑस्ट्रेलियन ओपन है, जिन्होंने पुष्टि की है कि वह इस साल के बाद प्रतिस्पर्धा करना बंद कर देंगी। हम अपने 2022 फाइनलिस्ट को शुभकामनाएं देते हैं।

2022 की फाइनलिस्ट ने एक सेट और एक ब्रेक डाउन से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से 4-1 की बढ़त बना ली , लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी करते हुए रॉड लेवर एरेना में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत हासिल की।

कोलिन्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सीजन होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सीजन होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। इसमें निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव रहे हैं, और मुझे लगता है कि यात्रा और शेड्यूल के साथ कोर्ट से दूर कुछ चीजें और यह सब, यह वास्तव में एक कठिन खेल है।

# पेज 1 का शेष...

***0 उपराष्ट्रपति व लोकसभा अध्यक्ष आज रायपुर में कार्यक्रमों में होंगे शामिल...***

प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 जनवरी को प्रथम सत्र प्रातः 11 बजे शुरू होगा। इस सत्र में विधानसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर प्रश्न, प्रश्नकाल, प्रश्न से उद्घृत विषय पर व्याख्यान देंगे। द्वितीय सत्र दोपहर 12.15 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा प्रेम प्रकाश पाण्डेय आय-व्यय, अनुदान मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव, लेखा अनुदान, अनुपूरक अनुदान आदि विषयों पर व्याख्यान देंगे। तृतीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में विधानसभा सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक विधानसभा की समितियों एवं अशासकीय कार्यों पर व्याख्यान देंगे। चतुर्थ सत्र शाम 4.15 बजे प्रारंभ होगा। इस सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्रभावी विधायक कैसे बने इस विषय पर व्याख्यान देंगे।

***0 चांवल घोटाला : मार्कफेड के पूर्व एमडी समेत राइस...***

**विशेष भत्ता 40 से बढ़ाकर 120 रुपये किया**

ईडी ने जांच में पाया है कि छत्तीसगढ़ राज्य राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मार्कफेड के अधिकारियों के साथ मिलीभगत की और मिलिंग में विशेष प्रोत्साहन राशि का दुरुपयोग करने व रिश्वत में करोड़ों रुपये कमाने की साजिश रची। जांच में यह भी सामने आया है कि धान की मिलिंग में विशेष भत्ता 40 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल करने के बाद 500 करोड़ रुपये का भुगतान जारी किया गया, जिससे 175 करोड़ रुपये की रिश्वत मिली। इसे रोशन चंद्राकर ने मार्कफेड के एमडी की सक्रिय सहायता से एकत्र किया था।

***0 16 साल की उम्र से पहले कोचिंग पर रोक...***

**लगेगा एक लाख तक का जुर्माना**

गाइडलाइन के अनुसार पहली बार नियम तोड़ने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा. दूसरी बार नियम तोड़ा तो जुर्माने की राशि बढ़कर एक लाख रुपये हो जाएगी. इसके अलावा रजिट्रेशन भी रद्द हो सकता है.

***0 छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : नक्सल प्रभावित क्षेत्र के...***

उपलब्ध करा दी जाए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विषम सुरक्षात्मक कारणों से यह अवकाश निरस्त किया जा सकेगा। उपरोक्त परिस्थितियों में इकाई प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा। अवकाश निरस्त करने की अनुमति संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा ही दी जाएगी एवं उसकी जानकारी संबंधित पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस महानिरीक्षक रेंज को दी जाएगी।

***0 सीएम साय ने नए कानूनों के बारे में कहा....***

नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण के इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा बेहतर कानून व्यवस्था देश का एक अहम है। उन्होंने नवीन कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री के प्रयासों से ये संभव हो पाया है कि हमें अंग्रेजों के कानून से मुक्ति मिलने जा रही है।

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के समक्ष नवीन कानूनों के प्रावधानों की प्रस्तुति देते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्री जुनेजा ने बताया कि नवीन कानून दंड देने की बजाए पीड़ित को न्याय देने की भावना के साथ तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने कानून दंड पर आधारित हैं जबकि नए कानून महिला सुरक्षा एवं न्याय पर आधारित हैं।

# टाटा ही रहेगा आईपीएल का टाइटल स्पॉन्सर, बीबीसीआई से 2500 करोड़ में हुई अगले 5 साल के लिए डील - रिपोर्ट

मुम्बई। आईपीएल 2024 की शुरुआत में अब कुछ ही समय बचा है और इससे पहले टाटा समूह ने एक बार फिर लीग के टाइटल स्पॉन्सशिप अधिकारों को सफलतापूर्वक बरकरार रखा है. टाटा समूह ने साल 2028 तक के लिए टाइटल स्पॉन्सशिप हासिल किए हैं. टाटा समूह इस दौरान हर साल बीसीसीआई को 500 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा. टाटा समूह अगले पांच सालों के लिए टाइटल स्पॉन्सर के तौर पर बीसीसीआई को 2500 करोड़ रुपये चुकाएगा. आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सशिप हासिल करने में रेस में आदित्य बिड़ला समूह भी था, जिसने 2500 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी. हालांकि, अंत में टाटा समूह ने एक खास शर्त के जरिए यह बाजी जीती.

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने जब टाइटल स्पॉन्सर के लिए आवेदन मंगाए थे, उसमें उल्लिखित शर्तों के तहत टाटा समूह के पास अधिकार था कि अगर वो नीलामी में सबसे ऊची बोली लगाने वाली कंपनी की बराबरी करना चाहता है तो टाइटल स्पॉन्सर के अधिकार उसे ही मिलेंगे. बीसीसीआई ने बीते महीने जब टेंडर जारी किए थे, उसमें यह बात दर्ज थी. इस प्रावधान के तहत, टाटा समूह ने आदित्य बिड़ला समूह द्वारा लगाई गई 2500 करोड़ रुपये की बोली के बराबर रकम अदा करने का फैसला लिया और टाइटल स्पॉन्सर के अधिकार हासिल किए. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को यह फैसला किया है.

बता दें, टाटा ने वीवो द्वारा साल 2022 में टाइटल स्पॉन्सशिप के सौदे से हटने के बाद आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सशिप अधिकार हासिल किए थे. चीनी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ने विभिन्न कारणों से इस सौदे से पीछे हटने की मांग की थी. वीवो ने 2018 सीजन से टाइटल स्पॉन्सशिप अधिकार हासिल किए थे. यह सौदा पांच सालों के लिए था और इस दौरान वीवो को 2199 करोड़ बीसीसीआई को चुकाने थे. आखिरी साल के लिए सौदे से हटने पर 512 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे. हालांकि, यह सौदा छह साल के लिए चला था क्योंकि कोविड महामारी के दौरान इसे एक साल के लिए रोक दिया गया था.

जब भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद तनाव हुआ तो वीवो ने सौदे से हटने की मांग की. इसके बाद टाटा समूह ने अपने कदम बढ़ाए और प्रति सीजन 365 करोड़ रुपये का देने पर सहमति व्यक्त की. बीसीसीआई ने इस सौदे से सफल होने के बाद ही टाटा समूह को किसी भी नए प्रस्ताव का मिलान करने का अधिकार दिया था. इसके बाद, टाटा ने पांच साल की अवधि के लिए आदित्य बिड़ला समूह की 2500 करोड़ रुपये की बोली लगाने पर सहमति व्यक्त की है.

# एफपीआई ने पिछले 2 दिनों में 20,480 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची




नई दिल्ली । बाजार में एक अहम ट्रेंड है एफआईआई और डीआईआई के बीच रस्साकशी का फिर से शुरू होना। इसका खुदरा निवेशकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी. के. विजयकुमार ने ये बात कही है।

पिछले दो दिन में एफपीआई ने बड़े पैमाने पर 20,480 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है। यह आंशिक रूप से अमेरिका में बांड यील्ड के बढ़ने के चलते है। अमेरिका में 10 साल का बांड यील्ड बढ़कर 4.16 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा, चूंकि एफआईआई एयूएम का सबसे बड़ा हिस्सा बैंकों में है, इसलिए वे बैंकों, मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक में बिकवाली कर रहे हैं।

हाल के वर्षों में एफआईआई और डीआईआई के बीच रस्साकशी में डीआईआई ने हमेशा जीत हासिल की, भले ही एफआईआई की बिक्री से अल्पकालिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा, बाहरी कारकों के कारण एफआईआई की बिकवाली हमेशा खरीदारी का अवसर रही है।

अत्यधिक वैल्यूएशन के बावजूद मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट मजबूत हैं। लगातार खरीदारी हो रही है और एफआईआई की ओर से बिकवाली का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विसंगति को समय आने पर ठीक कर लिया जाएगा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 437 अंक ऊपर 71,624 अंक पर है। सेंसेक्स ने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी है। भारती एयरटेल 3 फीसदी, एक्सिस बैंक 2 फीसदी ऊपर है।

# डॉ. सत्येंद्र ज्ञानी की माताजी इंदिरा देवी ज्ञानचंदानी के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान व त्वचा दान



दुर्ग (दावा)। दुर्ग शहर के प्रतिष्ठित डॉ. सत्येंद्र ज्ञानी की माताजी श्रीमती इंदिरा देवी ज्ञानचंदानी के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान व त्वचा दान कर परिवार ने समाज को सकारात्मक सन्देश दिया श्रीमती इंदिरा देवी ज्ञानचंदानी के निधन के पश्चात पति धनराज ज्ञानचंदानी, पुत्र डॉ. सत्येंद्र ज्ञानी, कुमार ज्ञानी, बहु डॉ. कृतिका ज्ञानी, राधिका ज्ञानी ने नेत्रदान व त्वचा दान का निर्णय लेकर नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को प्रक्रिया हेतु जानकारी दी।

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ. पुष्पेंद्र लहरे, नेत्र सहायक विवेक कसार ने पल्स हॉस्पिटल पहुंच कॉर्निया कलेक्ट किये सेक्टर 9 जेएलएन हॉस्पिटल के डॉ. उदय कुमार, डॉ. अनिरुद्ध मेने, डॉ.राहुल सिंगर, सुनीता, संध्या, रश्मि बाला मसीह, मोहम्मद कमर, हेमिन ने त्वचा एकत्र की नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, रितेश जैन, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, सत्येंद्र राजपूत, राजीव अग्रवाल, जितेंद्र हासवानी ने नेत्रदान व त्वचा दान हेतु व्यवस्था की एवं नेत्रदान व त्वचा दान सम्पन्न करने में सहयोग किया, डॉ.सत्येंद्र ज्ञानी ने कहा माँ का जाना सबसे बड़ा दुःख है और इससे पूरा परिवार दुखी है किन्तु माँ के नेत्रों से दो लोग फिर देख सकेंगे व पीड़ित मरीजों को त्वचा मिल सकेगी इस से परिवार को संतुष्टि है की माता जी जाते-जाते पुण्य का कार्य कर गई।

डॉक्टर होने के कारण वह त्वचा व नेत्रदान का महत्व समझते हैं लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे। सत्येंद्र राजपूत ने कहा ज्ञानी परिवार के त्वचा व नेत्रदान से पूरे समाज में सकारात्मक सन्देश जाएगा व लोगों में जागरूकता बढ़ेगी नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय, दीपक बंसल, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, जितेंद्र कारिया, बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख, मोहित अग्रवाल, चेतन जैन, दयाराम टांक ने श्रीमती इंदिरा देवी ज्ञानचंदानी को श्रद्धांजलि दी व ज्ञानचंदानी परिवार को साधुवाद दिया।

# दिग्विजय कॉलेज की सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी में संशोधन

**राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2023 के समय-सारिणी में छ.ग. शासन द्वारा दिनांक 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एवं दिनांक 25 जनवरी को छेरछेरा पर्व के उपलक्ष्य में शासकीय अवकाश घोषित होने के कारण उक्त दिनांक को आयोजित परीक्षा समय-सारिणी में संशोधित किया जाता है।**

| क्र. | कक्षा | पूर्व परीक्षा तिथि | प्रश्न पत्र का नाम | नई संशोधित तिथि एवं दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.A.- I Sem.(Reg.) | 22-01-2024 | DSC- Geography/ Psychology/ Home Science | 03-02-2024 Saturday |
| 2. | B.A.- I Sem.(ATKT Ex) | 22-01-2024 | DSC- Geography | 03-02-2024 Saturday |
| 3. | B.A.- III Sem.(Reg.) | 25-01-2024 | DSC- Philosphy | 05-02-2024 Monday |

# श्रद्धांजलि कप फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। सीनियर मॉर्निंग के तत्वधान में स्व. ओम प्रकाश सिन्हा व निर्मला देवी ज्ञानचंदानी स्मृति श्रद्धांजलि फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट स्कूल में किया जा रहा है जिसके तहत प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज पांच मैच खेला गया जिसमें पहला मैच किंग इलेवन डोंगरगांव विरुद्ध फ्रैंक ब्रदर्स बी के मध्य खेला गया जिसमें फ्रैंक ब्रदर्स बी की ओर राज पटेल, युग यादव, दिव्यांशु ने एक एक गोल कर 3-0 से जीत दर्ज की वहीं आज का दूसरा मैच रियूनिटेड राजनांदगांव विरुद्ध कुरूद एफ सी के मध्य खेला गया जिसमें कुरूद के सोएब ने 2 गोल मोर्डरन ने 1 गोल कर 3-0 गोल से जीत दर्ज की। आज का तीसरा मैच के एफ सी नागपुर विरुद्ध दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग के सुरेश ने 3 गोल शुभम ने 1 गोल किया वंही के एफ सी नागपुर की ओर से बादल ने अपने टीम के लिए एक मात्र गोल किया दुर्ग बॉयज ने 4-1 गोल से विजयी हासिल की। आज का चौथा मैच डब्ल्यू आर एस जूनियर रायपुर विरुद्ध न्यू दंतेश्वरी खैरागढ़ के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों के मध्य बड़ा रोमांचक मैच देखने को मिला मैच के अंतिम समय तक दोनों ही टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही इस मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट के माध्यम से किया गया। जिसमें रायपुर ने 4 के मुकाबले 5 गोलो जीत दर्ज की। वंही आज का पांचवा व अंतिम मैच कुरुक्षेत्र विरुद्ध न्यू स्टार डोंगरगांव के मध्य खेला गया, दोनों ही टीम मैच के अंतिम क्वाटर तक कोई गोल नही कर पाई और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया, जिसमें डोंगरगांव ने पैनल्टी में 2-1 स्कोर से जीत दर्ज।

मैच के शुरूवात के पूर्व मॉर्निंग क्लब के वरिष्ट फुटबाल खिलाड़ी राजू वर्मा का सम्मान किया गया तथा आज के मैच में बलविंदर सिंग भाटिया पूर्व एल्डरमेन व संतोष यदु ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

आज के मैच में प्रमुख रूप से खोमेश साहू, नीरज साहू, सोनू वर्मा, प्रिंस भाटिया, नवीन, राजू रंगारी, अजय ज्ञानचंदानी, आरिफ खान, मुकेश निर्मलकर, मनोहर लाल, युवराज सिंह, राजेन्द्र रामटेके, ऋषि पप्पू यादव, डॉ. एम.टी. यदु सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे। आज के मैच के निर्णायक मयूर हतेल व क्रिस्फोटर फ्रांसिस ने किया।

# इस्कॉन के आध्यात्मिक वक्ता गोविन्द कृष्ण दास का विद्यार्थियों को प्रेरणादायक, ओजस्वी उदबोधन



**राजनांदगांव (दावा)। इस्कॉन के प्रेरक वक्ता एवं अध्यात्मिक शिक्षक गोविन्द कृष्ण दास के उत्प्रेरक उदबोधन का लाभ विगत 6 जनवरी को आयोजित एक गौरवपूर्ण आयोजन में जिले की अग्रणी शालाओं नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव, गायत्री विद्यापीठ, बाल भारती स्कूल के साथ ही स्व. अटलबिहारी वाजपेयी स्मृति जिला चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उठाया। इस अवसर पर 650 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।**

विगत 10 वर्षों से श्रील प्रभुपाद के कृष्ण चेतना आन्दोलन में सक्रिय गोविन्द कृष्ण दास आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार कर रहे हैं और युवावर्ग में खासे लोकप्रिय हैं विभिन्न मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर उनके 3 मिलियन से अधिक अनुयायी हैं।

स्व. अटल बिहारी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अति भव्य, आकर्षक एवं सर्वसुविधायुक्त सभागार में मुख्य अतिथि परमपूज्य गोविन्द कृष्ण दास के अलावा विशेष अतिथि के रूप में एन.बी. ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक निदेशक इंजीनियर नीरज वाजपेयी एवं अध्यक्ष के रूप में चिकित्सा महाविद्यालय की डीन डॉ. रेणुका गहने भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की संयोजिका नीरज पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सुश्री भारती गौते एवं व्यवस्थापक युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट मयंक जोशी द्वारा आगंतुक अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया, तत्पश्चात देवी सरस्वती की अर्चना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। परम पूज्य गोविन्द कृष्ण ने अपने उदबोधन से विद्यार्थियों को अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित करने के उपाय मनोरंजक ढंग से बताये। उन्होंने मोबाइल एवं इन्टरनेट का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा की विद्यार्थी अपनी तुलना किसी अन्य से न करें, बल्कि अपने व्यक्तित्व विकास पर ही ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने चाणक्य सूत्रों को उद्घृत करते हुए कहा कि अध्ययन हेतु छात्रों को 'काक-चेष्टा' जैसे प्रयास करने चाहिए।

इस अवसर पर नीरज पब्लिक स्कूल के हेड बॉय तथा हेड गर्ल भी उपस्थित थे। आयोजन का प्रभावपूर्ण संचालन नीरज विद्या मंदिर के हिंदी शिक्षक डॉ.लोकेश शर्मा ने किया। अंत में नीरज पब्लिक स्कूल की हेड गर्ल नीति जोशी ने आभार व्यक्त किया।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम महाराजपुर में संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ.आर.के.ठाकुर के दिशा निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बी.आर. चंद्रवंशी के मार्गदर्शन तथा शिविर दलनायक पंचराम सोरी एवं उपदलनायक धनंजय साहू के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 17 जनवरी से 23 जनवरी 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजन ग्राम महाराजपुर किया गया है। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थान सिंह कंवर सरपंच एवं अध्यक्षता सस्था के प्राचार्य डॉ आर.के.ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच दुर्गेश दुबे तथा गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में संपन्न हुआ।




संस्था के प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने स्वयंसेवकों को युवाओं की भूमिका एवं अनुशासित रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। शिविर के द्वितीय दिवस में स्वयं सेवकों द्वारासेवकों द्वारा दैनिक दिनचर्या की कड़ी, में योग पीटी, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य में गली, मुहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बौद्धिक परिचर्चा, 'नशा मुक्त समाज में युवाओं का योगदान' विषय पर स्वयंसेवकों ने विचार विमर्श प्रस्तुत किये। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि श्री सुदर्शन लाल सेन सेवानिवृत व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला द्वारा बहुत ही सरल सहज शब्दों में युवाओं को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय नशा मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी श्री अरुण कुमार साहू द्वारा अपने उद्बोधन में युवाओं को नशा से दूर रहकर अपने मित्र, परिवार तथा समाज के स्वजन को जागरुक कर एक स्वस्थ, सशक्त तथा सुदृढ़ समाज के निर्माण में योगदान देने की बात कही। सुश्री सोनल नागवंशी द्वारा संकल्पित कराया गया कि आप युवाओं के संकल्प से ही नशा मुक्त समाज होगा। उद्बोधन की अंतिम कड़ी में डॉ. श्रीमती हेमलता गायकवाड द्वारा 'नशा से मुक्त समाज' निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर पंचराम सोरी द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

# खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में पहली बार विभागीय कम्प्यूटर टाइपिंग परीक्षा सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के निर्देशानुसार जिले में पहली बार लिपिकों की लगातार मांग पर विभागीय कंप्यूटर टाइपिंग परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एफ.आर. कोसरिया के द्वारा 14 जनवरी को स्वामी आत्मानंद स्कूल खैरागढ़ में किया गया। परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की गई।

प्रथम चरण सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया गया। इस चरण में 8000 की-डिप्रेशन प्रोत्साहन भत्ता (अंग्रेजी टंकन) हेतु कुल 67 परीक्षार्थी थे, जिनमें से 64 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों को 8000 की-डिप्रेशन का प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाएगा। द्वितीय चरण दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया। इस चरण में 5000 की-डिप्रेशन वेतनवृद्धि (हिन्दी टंकन) हेतु कुल 41 परीक्षार्थी थे, जिनमें से पुरे 41 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों को जिन्हे वेतनवृद्धि नहीं मिलती उन सभी परीक्षार्थियों को वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी। तृतीय चरण शाम 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया। इस चरण में 8000 की-डिप्रेशन प्रोत्साहन भत्ता (हिन्दी टंकन) हेतु कुल 67 परीक्षार्थी थे, जिनमें से 65 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को 8000 की-डिप्रेशन का प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एफ.आर. कोसरिया, केंद्राध्यक्ष रोशन लाल वर्मा, सहायक केंद्राध्यक्ष कुणाल टंडन, पर्यवेक्षक उमेंद पटेल, पुकेश्वर निषाद, पियूष तंबोली, देवीदास टंडन, अमीषा देवांगन, विशेष सहयोग उमराव रजक, आलोक वैष्णव, अर्पित सिंह, दिनेश कुमार साहू, अभिलेख सिंह, हर्ष मानिकपुरी, आशीष चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

# जिला बनने के बाद पहली बार इस गांव में पहुंचे कलेक्टर, ग्रामीणों तक बिजली, पानी, सड़क समेत बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के दिए निर्देश



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के अंतिम छोर पर महाराष्ट्र मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर बसे वनांचल ग्राम कटेमा में आज़ादी के बाद से आज तक कटेमा में बिजली नहीं पहुंचने समेत कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसकी खबर प्रमुखता से प्रसारित किया गया था, जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। खैरागढ़ कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज अति संवेदनशील गातापार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम कटेमा में स्थापित नवीन पुलिस सुरक्षा कैंप एवं गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने कैम्प व गांव में बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। जांच के दौरान मूलभूत आवश्यकताओं की कमी पाए पाए जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने पुलिस सुरक्षा कैंप के निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था को लेकर कमी पायी, उन्होंने कैम्प में पानी की सुविधा के लिए तत्काल बोर खनन के लिए पीएचई विभाग को निर्देश दिए। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था को लेकर भी बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कटेमा गांव का पैदल निरीक्षण किया और ग्रामीण टेप वाटर जल के लिए घर में जाकर नल से पानी उपलब्धता की जांच की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर हालचाल लिया। वहीं गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी के अलावा ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी भी जानकारी हासिल की।

कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली व सड़क की समस्या है। साथ ही आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला जर्जर भवन में संचालित होने की भी जानकारी दी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीडब्ल्यूडी को आंगनबाड़ी भवन का नवनिर्माण और जर्जर प्राथमिक शाला भवन का संधारण कार्य कराने के निर्देश दिए, साथ ही प्राथमिक शाला की सीढ़ी और शौचालय निर्माण कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल के हैंडपंप में लौहयुक्त पानी की शिकायत पर पीएचई को पेयजल के लिए उचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मौके पर मौजूद जिला अधिकारियों से गांव की समस्या और उसके समाधान को लेकर चर्चा की, वहीं संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कटेमा पहुंच मार्ग की समस्या को संजीदगी से लिया है। उन्होंने कटेमा पहुंचने के लिए आवागन की समुचित व्यवस्था करने सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया है। कलेक्टर वर्मा ने गाड़ाघाट जंगल से लछनाटोला तक 2 किमी, टीगामाली से लछनाटोला तक 3 किमी व कटेमा से मुरूकुट तक 4 किमी की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अतंर्गत पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा कटेमा से महाराष्ट्र के गांव के लिए सुगम आवागमन के लिए पुल निर्माण भी किया जाएगा।

# सेन संवाद कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से जुटे सेन समाज के लोग

खैरागढ़ (दावा)। सेन संवाद कार्यक्रम में प्रदेश भर से सेन समाज के लोग पं. दीनदयाल आडिटोरियम साइंस कालेज मैदान के सामने रायपुर में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज भर से आए हुए सामाजिक जनों ने समाज के प्रथम विधायक रिकेश सेन का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महिला ब्यूटी पार्लर रजिस्ट्रेशन, बेरोजगार युवक-युवती हेतु रोजगार उपलब्ध कराने फार्म भरा गया साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए भी आवेदन दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिकेश सेन ने कहा कि समाज में राजनीति नहीं करनी चाहिए। समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसके लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। शासन और केश शिल्पी बोर्ड के माध्यम से फंड लाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक समाज को मजबूत किया जाएगा। रोजगार के अवसर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने समाज को संगठित होकर कार्य करने का आहवान किया। सभी जिलों में विधायक प्रतिनिधि बनाया जाएगा। इकाई को संगठित कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा।

## नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले दी टिकट

## मिलने की बधाई

टिकट कैसा मिला इस विषय में नवनिर्वाचित विधायक रिकेश सेन ने बताया कि देश के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह, जेपी नड्डा ने सर्वे करने आए टीम से पूछा था कि रिकेश सेन कोन है। फिर दिल्ली में मोदी के अध्यक्षता में स्क्रीनिंग टीम की बैठक हुई तो नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का परिणाम रहा कि सोशल मीडिया से रिकेश सेन का डिटेल निकाला गया और भिलाई, वैशाली नगर, और दुर्ग ग्रामीण तीनों जगह से एक नाम रिकेश सेन को टिकट देने सहमति हुई थी। स्क्रीनिंग कमेटी के सामने एक यज्ञ प्रश्न रखा गया था कि छत्तीसगढ़ में नाई समाज के लोग कम है, इसलिए टिकट नहीं दी जा सकती है पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस जाति को छोटा समझा जाता है, उनकी देश में बड़ा योगदान है, जन नायक कर्पूरी ठाकुर इसका मिसाल है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर भी है मोदी के प्रेरणास्त्रोत

देश के प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा था कि अटल के बाद मैं किसी को प्रेरणास्त्रोत मानता हूं वह है जननायक कर्पूरी ठाकुर। रात 1.45 बजे पीएमओ आफिस से रिकेश सेन के पास फोन आया की मोदी जी आपसे बात करना बाहते है। रिकेश जी बताते है इस पर मैं भी अचंभित हो गया। कुछ पल के लिए कुछ समझ ही नहीं है कि देश का प्रधानमंत्री रात 1.45 बजे मुझसे क्यों बात करेगा। मैं असहज हो गया। इसके बाद मोदी जी बोले रिकेश जी, मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। 90 सीटों में जिन-जिन प्रत्याशी को उतारे है, सबसे पहले रिकेश सेन बात करना चाहिए था। लगभग डेढ़ मिनट बातें की और बोले आप अच्छे से चुनाव लड़िये और जीतकर आइए। लोकसभा का चुनाव सामान्य होता है लेकिन पार्षद का चुनाव कितना कठिन होता है, आप 25 वर्षो से पार्षद है आपको बधाई हो।



## कमजोर लोगों की मदद करने से समाज होगा मजबूत - बृजमोहन

8 बार के विधायक, पांच बार के मंत्री और सबसे अधिक वोटों से जीतने वाले धर्म संस्कृति और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सेन समाज की शिक्षा और गरीबों की मदद के लिए काम करने की आवश्यकता है। समाज को संगठित होकर कार्य करने पर निश्चित ही सफलता मिलती है। समाज के जरूरत के हिसाब से पोजनाएं बनाई जाएगी और इसका लाभ समाज को जरूर मिलेगा। उन्होंने प्रत्येक परिवार से 100 रूपए महीना लेकर एक ट्रस्टी बनाए जाने और उस पैसे को गरीबों में मदद करने की योजना बनाने का आहवान किया। संत शिरोमणि सेन महाराज की लगेगी विशाल प्रतिमा रिकेश सेन ने कहा कि भिलाई में संत शिरोमणी सेन महाराज की भव्य और ऐतिहासिक प्रतिमा और मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही सेन जयंती के अवसर पर भिलाई में बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से समाज के लोगों को आने आमंत्रित किया गया है।

## तीन रिकार्ड है रिकेश के नाम

कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने बताया कि भारत देश में सबसे कम उम्र के महज 21 वर्ष में पार्षद बनने का रिकार्ड उनके नाम है। वे 5 बार पार्षद चुनाव लड़े और अलग अलग वार्ड से और जीते भी यह भी रिकार्ड है। एक और रिकार्ड अभी बना है कि वे वर्तमान में पार्षद के साथ साथ विधायक भी है।

## टिकट की घोषणा के बाद देशभर से समाज के लोग जुटे

रिकेश सेन बताते है कि जैसे ही टिकट की घोषणा हुई, देशभर के समाज के लोग जिसमें इंजीनियर, डॉक्टर, राजनीतिक, वैज्ञानिक आदि थे उनकी 444 लोगों का दल भिलाई आकर चुनाव में सहयोग दिया। मैं गौरवान्वित हुआ कि हमारे समाज में भी इतने बड़े बड़े लोग है, जो समाज को आगे ले जाना चाहते है। देशभर में सेन समाज से लगभग 1800 आईएएस, 800 आईपीएस है, जो देश के लिए सेवा दे रहे है। खैरागढ़ से नरेन्द्र श्रीवास के नेतृत्व में अंजन सिंह ठाकुर, आलोक श्रीवास, ममता श्रीवास, हेमप्रभा श्रीवास, निक्कू श्रीवास, ललित श्रीवास, बंशी श्रीवास, आमोद श्रीवास, चंद्रशेखर श्रीवास, हरिराम सेन, यतींद्र श्रीवास, विक्की श्रीवास, नारद सेन, खेमलाल सेन, गोपी सेन, पवन सेन एवं समस्त सेनबंधु स्पेशल बस से 75 सामाजिक कार्यकर्ता सेन भाई रायपुर गए।

# राशन कार्ड के नवीनीकरण का आदेश जारी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का नवीनीकरण होगा। खाद्य विभाग ने इसे लेकर सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर दिया है। नये निर्देश के मुताबिक राशन कार्ड धारक 25 जनवरी से 15 फरवरी तक नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं हितग्राही को नया राशनकार्ड 1 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 के बीच प्रदान किया जायेगा। राशन कार्ड के नवीनीकरण का फार्म खाद्य विभाग की वेबसाइट में उपलब्ध होगा। जिसे डाउनलोड किया जा सकेगा।

प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 76.94 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अभियान 25 जनवरी 2024 से प्रारंभ होगा। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 के दौरान किया जाएगा। इस हेतु खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट (http://khadya.cg.nic.in/) से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहा पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन तथा ऑफलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान किया गया है।



**आनलाइन उपलब्ध होगा फार्म**

संचालक खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। समस्त कलेक्टर्स को राशनकार्ड नवीनीकरण के संबंध में उचित मूल्य दुकान, ग्राम पंचायत तथा स्थानीय स्तर पर प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि बस्तर संभाग के जिले जहां मोबाईल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है या नियमित कनेक्टिविटी नहीं है वहां हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष छूट का प्रावधान रखा गया है। साथ ही ऐसे अति वृद्ध तथा शारीरीक रूप से निःशक्त हितग्राही, जिनके द्वारा अपना ई-केवाईसी अब तक नहीं कराया गया हैं, उन्हें भी राशनकार्ड नवीनीकरण में विशेष सुविधा प्रदान की गई है। खाद्य विभाग द्वारा तैयार किए गए मोबाईल एप्प में हितग्राहियों के पास वर्तमान में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्केन करने की सुविधा है, जिसके जरिए राशनकार्ड के आवेदन संबंधी समस्त जानकारी स्वतः खाद्य विभाग के डेटाबेस से मोबाईल एप्प के जरिए उपलब्ध हो जाएगी, जिसकी पुष्टि हितग्राही द्वारा अपने मोबाईल के जरिए करते हुए आवेदन सुगमता से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया को पहले से अधिक बेहतर तथा सरल बनाया गया है ताकि कोई भी पात्र हितग्राही अपना राशनकार्ड नवीनीकृत कराने से वंचित न रहे। राशनकार्ड में शामिल सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा मोबाईल एप्प के जरिए इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया से हितग्राहियों के राशनकार्ड फरवरी 2024 तक नवीनीकृत होने के साथ-साथ छूटे हुए सदस्यों के ई-केवाईसी का कार्य भी तेजी से पूर्ण हो जाएगा।

अन्त्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित तथा निःशक्तजन श्रेणी के जारी राशनकार्डों के लिए राशनकार्ड नवीनीकरण की पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी तथा उन्हें नए राशनकार्ड प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं करना होगा। यह राशि राज्य शासन द्वारा वहन की जाएगी। सामान्य श्रेणी के राशनकार्डधारियों हेतु एप्प के माध्यम से नवीनीकरण के लिए 10 रूपए की राशि निर्धारित की गयी है।

# मानव मंदिर चौक वर्षो से सभी संगठनों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन केंद्र- अशोक फडणवीस




**राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक संस्था सर्वजनहित समिति के अध्यक्ष अशोक फडणवीस ने कहा कि विगत कई माह से मानव मंदिर चौक के नामकरण व हिंदु धर्म के श्रद्धा के प्रतीक त्रिशूल की स्थापना को लेकर विवाद चल रहा है। श्रद्धा व सम्मान के साथ साथ व्यापक दृष्टीकोण से चिंतन मनन किया जाए तो उक्त चौक पर त्रिशूल की स्थापना नही की जानी चाहिए।**

इस तथ्य के पीछे प्रमुख आधार और कारण यह है की वर्षो से मानव मंदिर चौक पर विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व संगठनों द्वारा वर्षो से किसी भी राजनैतिक व अन्य विषयों के पक्ष-विपक्ष में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाता है अनेक बार विरोध स्वरूप पुतला दहन के नाम पर आग लगाया जाता है साथ ही चप्पलों से मारना जूते चप्पल व अन्य सामग्री विरोध स्वरूप फेंका जाता है ऐसे स्थिति में उक्त चौक को धार्मिक स्थल में परिवर्तन करना न्याय संगत व श्रद्धा सम्मान की दृष्टि से उचित नहीं है क्योंकि श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक त्रिशूल का अपमान होने की पूरी संभावना जैसी परिस्थितियां सदैव बनी रहेगी। इसके अलावा भीड़ का फायदा उठा कर विध्वंसकारी तत्व त्रिशूल का अपमान कर साम्प्रदायिक वातावरण बनाने का प्रयास भी कर सकते है, जो इस संस्कारधानी राजनांदगांव के लिए उचित नहीं होगा। इस तथ्य को जिला व पुलिस प्रशासन को गंभीरता से अपने संज्ञान में लेना चाहिए। समाचार पत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार उपरोक्त कार्य में निगम प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से नियम कानूनों का पालन नहीं किया गया है और यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि जनप्रतिनिधि के निधि का उपयोग मूर्ति की स्थापना या धार्मिक कार्य के लिए नहीं किया जा सकता है। बाकी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी समझदार है।

# प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर भाजपा ने शहर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया



राजनांदगॉव (दावा)। शहर के विभिन्न मंदिरों में आज भाजपा नेताओं द्वारा जनसहयोग एवं जनसहिभागिता से स्वच्छता अभियान का सफल संचालन किया गया। इसी कड़ी में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने मोतीपुर वार्ड नं.03 क्षेत्र के बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर मे, नया बस स्टैण्ड वार्ड नं. 15 स्थित सिद्ध गणेश मंदिर में एवं मिलचाल स्थित श्रीराम मंदिर में संचालित स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया।

**पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने मंदिरों की साफ-सफाई में श्रमदान किया**

मोतीपुर क्षेत्र में पूर्व सांसद के साथ नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु, वार्ड पार्षद कमलेश बंधे, रोहित यादव, दिलीप वर्मा, जय, स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे। वार्ड 15 अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष के साथ भाजपा नेतागण शिव वर्मा, भरत वर्मा, हकीम खान, राजेश खाण्डेकर,, रघुवीर वाधवा, रमेश सोनवानी, संतोष सिंह, सुधा पवार, विनोद रजक, सलीम कुरैशी एवं वार्डवासीगण उपस्थित रहे। मंदिरों में जहसहयोग से संचालित स्वच्छता अभियान के पश्चात् पूर्व सांसद मधुसूदन ने वार्डो में पैदल भ्रमण कर जनसंपर्क भी किया।

इस दौरान उन्होंने जनता से अपील करते हुए मुख्य रूप से यह कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला अपनी जन्मस्थली स्थित मंदिर में विराजमान होंगे। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता से मंदिरों की साफ सफाई के माध्यम से स्वच्छता हेतु अभियान चलाने का संदेश दिया है।

जिसके तारतम्य में जिला भाजपा द्वारा मंदिरों में जनसहभागिता से स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है एवं जिसमें जनता का स्वस्फूर्त सहयोग एवं बेहतर प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है।







# बीएनसी मिल श्रीराम मंदिर में हुआ दीपोत्सव आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन का उल्लास जन-जन में बिखरा हुआ है। संस्कारधानी नगरी में श्री राम जन्म प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भव्य दीपोत्सव आयोजन होने जा रहा है। इस रामोत्सव, दीपोत्सव आयोजन की शुरूआत शुक्रवार 19 जनवरी को बीएनसी मिल स्थित श्रीराम मंदिर से हुई। यहां के पंडित पुरोहित द्वारा नागरिकों के साथ मिलकर मिल चाल में भगवान श्रीराम जानकी व लक्ष्मण भैया सहित हनुमान जी की महाआरती व दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान श्रीराम के नाम अंकित दीयों के जगमग रौशन से पूरा मिल चाल आलोकित हो गया। इसी तरह मिल चाल की युवतियां व महिलाओं ने मंदिर सहित अपने घर-आंगन चौबारों को दीयों से रौशन कर भगवान श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा-भावना का प्रकटीकरण किया। युवतियों ने मंदिर के सामने भव्य एवं आकर्षक रंगोली बना कर तथा उसमें दीप प्रज्वलन कर लोगों की ध्यान आकर्षित किया। शाम के समय हुए उक्त भव्य दीपोत्सव व भगवान श्री राम-जानकी की महाआरती कार्यक्रम से पूरा मिल चाल राममय वातावरण में तब्दील रहा।

**रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सज रहा शहर**

### भगवा झंडा व तोरण द्वार से सजा शहर

अयोध्या में श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का दिन जैसे-जैसे करीब आते जा रहा है। धर्म प्रेमी लोगों का उल्लास व उत्साह बढ़ते जा रहा है। भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को एक महोत्सव के रूप में मनाने संस्कारधानी को संस्कार प्रिय व धर्म प्राण लोग जुट गए है। और शहर को भगवा झंडे व तोरण पताका इत्यादि से भव्य से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। गंज चौक से लेकर गंज लाईन क्षेत्र को भगवा झंडा व तोरण पताका से सजाने में जुटे दामू भूतड़ा व महाकाल के भक्त समाजसेवी पवन डागा सहित अन्य लोगों ने बताया कि भारत माता चौक से लेकर तिरंगा चौक व गंज चौक तक सभी घरों में भगवा रंग के विद्युत झालरों से सजाया गया है। वही 22 जनवरी के दिन भगवान श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर पूरे राजनांदगांव को अयोध्या नगरी की तरह सजाने जुट गए है। समाज सेवी पवन डागा ने बताया कि गंज चौक स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर को भी रंग बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया है। वही 22 जनवरी के दिन पूजा-पाठ से सम्बंधित विविध कार्यक्रम आयोजित है। इसी तरह सिंघोला स्थित महाकाल की पूजा आरती व महारूद्राभिषेक सहित शाम को जमकर आतिशबाजी व श्रीराम मय भजन संध्या का आयोजन किया गया है। अंत में महाप्रसादी वितरित की जाएगी।

# एसडीएम अरूण वर्मा के नेतृत्व में धान के अवैध परिवहन पर कार्रवाई



राजनांदगांव(दावा)। जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार राजनांदगांव में अवैध धान विक्रय व अवैध धान परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। गुरुवार को राजनांदगांव क्षेत्र में 13 स्थानों पर कार्यवाही की गई, जिसमें लगभग 547 क्विंटल धान कोचिये बिचौलिए से जब्त किया गया। अनुविभागीय दंडाधिकारी अरुण वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अवैध धान विक्रय व परिवहन पर बड़ी कार्यवाही की है। इस अभियान के तहत ग्राम सांकरा में एक पिकअप और एक मेटाडोर में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे धान को जब्त किया गया। धान की इस खेप का बिना मंडी शुल्क जमा किए परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए इन वाहनों को एसडीएम अरुण वर्मा, नायब तहसीलदार झरना और मंडी इंस्पेक्टर द्वारा सोमनी थाना में खड़े कराया गया। इसी तरह अंजोरा सोसायटी में एक कृषक द्वारा 4 अलग-अलग व्यक्तियों का टोकन प्रदर्शित करते हुए धान विक्रय का प्रयास किया जा रहा था। इस पर एसडीएम अरूण वर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए 30 बोरी धान जब्त किया गया। आने वाले दिनों में भी सोसायटियों में अवैध धान विक्रय को रोकने के लिए और कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# जिंदगी की जंग हार गई श्रेया करकरे, जन्मदिन के दिन ली अंतिम सांसे



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विवि में कत्थक विभाग की छात्रा श्रेया करकरे ने शुक्रवार की सुबह भिलाई स्थित प्लस हास्पिटल में अंतिम सांस ली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्रेया करकरे का आज जन्मदिन था और आज ही सुबह उसने अंतिम सांस ली। उसकी मौत ने खैरागढ़ के माथे पर कलंक लगा दिया। करीब सप्ताह भर पहले ईतवारी बाजार में सब्जी लेकर वापस लौट रही श्रेया करकरे पर एक आवारा सांड ने हमला कर दिया था। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी, जहां उपचार के दौरान भिलाई के निजी हास्पिटल प्लस पर वह 'जिंदगी की जंग हार गई'। लेकिन वास्तव में खैरागढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था ने श्रेया करकरे की जान ली है। अच्छी बात यह रही है कि श्रेया की जान बचाने छात्रों और नगर की जनता ने आर्थिक योगदान दिया और दुआएं भी दी। लेकिन सब व्यर्थ चला गया। शहर में दर्जनों दुर्घटनाएं होने के बाद भी शहर में आवारा मवेशियों पर नगर पालिका प्रशासन अंकुश नहीं लगा सकी।

प्रशासन तंत्र के लचर सिस्टम के कारण विवि की होनहार छात्रा सांड के हमले से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ रही थी, आखिरकार अब वह हार गई। श्रेया करकरे पर सांड ने नहीं बल्कि भ्रष्ट तंत्र ने हमला किया है। ये हमले पहले भी होते रहे हैं। शहर के भीतर दर्जनों हादसों हो चुके हैं। कई लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की आंखे नहीं खुली। वह अभी भी कुंभकर्णी नींद से जागी नहीं है। श्रेया की मौत ने पूरे सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। नगर पालिका अधिनियम में जब स्पष्ट उल्लेख है, कि कांजी हाउस होना चाहिए। जहां आवारा मवेशियों को रखे जाने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आखिरकार खैरागढ़ के संगीत विवि में पढ़ रही छात्रा को जान गंवाना पड़ गया। उसकी मौत पर नगर में शोक व्याप्त है।

### संगीत विश्वविद्यालय ने दी श्रेया करकरे को श्रद्धांजलि

इंदिरा कला संगीत वि.वि प्रशासन ने कत्थक विभाग की छात्रा श्रेया करकरे के निधन पर दो मिनट का मौनधारण कर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पालिका दिलीप सिंह स्मृति भवन में विकसित भारत संकल्प शिविर आयोजित कर जनता को सुविधाएं देने का सब्जबाग दिखा रही थी। उस वक्त श्रेया करकरे की अंतिम यात्रा की तैयारी चल रही थी। श्रेया करकरे की आत्मा पूरे खैरागढ़ से अपनी बेवजह मौत का कारण पूछ रही थी। श्रेया करकरे की मौत की वजह भले ही दुर्घटना बताई जा रही हो लेकिन उसकी मौत शायद न होती, जब व्यवस्था (सिस्टम) अपना काम ईमानदारी से करती। जनप्रतिनिधि नगर के समुचित विकास के लिए आवाज बुलंद करते। लेकिन वास्तव में खैरागढ़ की धूर्त राजनीतिक व्यवस्था अपने नेताओं के आमंत्रण पत्र में कार्ड न छपने पर हल्ला मचाती है, लेकिन जनता की बुनियादी सुविधाओं पर समझौते की राजनीति कर सामंजस्य बैठाकर केवल अपना स्वार्थ साधने में ही मशगूल रही है।। नतीजतन समाज की बेटी जिसे अभी दुनिया के कई रंग देखने बाकी थे, वह दुनिया छोड़कर हमेशा के लिए चली गई।

# सुन्दरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का अनुपम प्रयास




राजनांदगांव (दावा)। एक महिला जो पेट संबंधी कुछ समस्याओं से विगत 10 वर्षो से ग्रस्त थी। विभिन्न अस्पतालों तथा चिकित्सकों से परामर्श लेने के उपरान्त भी उसका निदान नहीं हो पा रहा था। कई जगह भटकने के पश्चात निराश होकर परिजनों ने सुंदरा मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल ग्राम सुंदरा के बारे में सुना तथा संपर्क किया।

सुंदरा मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा अस्थाना ने जांच उपरान्त पाया कि मरीज महिला के गर्भाशय में एक बहुत ही बड़ी गठान है, जिसके कारण ही उसके पेट में समस्याएं थी साथ ही इसी कारण वह महिला गर्भधारण नहीं कर पा रही थी। मरीज तथा परिजनों को परामर्श देने के पश्चात ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। लगभग 2 घंटे चली इस जटिल सर्जरी के उपरान्त गठान को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। बच्चेदानी की गठान को निकाल देने के पश्चात अब महिला द्वारा 08 गर्भधारण करने की संभावना प्रबल हो गई है। यह जानकर मरीज तथा परिजन भावविभोर हो गए तथा कहने लगे कि अब हमारा दाम्पत्य जीवन संवर जाएगा।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर 5 लाख दीपों से जगमगाएगा स्टेडियम

**० विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डेय रहेंगे मौजूद**
**० दीप महोत्सव के लिए जानी जाएगी संस्कारधानी**



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अवसर पर 22 जनवरी को शहर का सुप्रसिद्ध दिग्विजय स्टेडियम लाखों दीए के प्रज्जवलन से जगमग जगमगाने जा रहा है। स्टेडियम मैदान में लाखों दीए के एक साथ रौशन होने से प्रभू श्री राम चंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की चारों ओर मनोहारी छटा बिखरेगी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की पूरी तैयारी में जुटे संस्कार धानी सनातनी धर्म सेवा परिवार के लोगों ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा वाले एतिहासिक क्षण में संस्कारधानी नगरी में पांच लाख मिट्टी के दीयों की भव्य श्रृंखला वाले दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी होंगे। सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में 22 जनवरी की संध्या आयोजित उक्त जगमग दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री राम की भव्यआकृति दीयो के माध्यम से आलोकित होगा ।दीयो की सजावट और भगवान राम की आकृति को बनाने शहर के युवा संस्कार राजपूत और उनकी पूरी टीम पिछले दो दिनों से जुटी हुई है। मिट्टी के दीयों को मैदान में सजाने का काम प्रमुख रूप से रानीसागर सरोवर शनिदेव धाम परिवार के सदस्य एवं बागेश्वर धाम परिवार , विश्व ब्राह्मण महिला मंडल के साथ ही सनातनी धर्म सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं खंडेलवाल महिला मंडल सहित सर्व समाज के धर्मप्रेमी जनों द्वारा किया जा रहा है।

### तीन दिवसीय भव्य आयोजन

उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के संयोजक सुरेश एच. लाल, सहसंयोजक पूर्व विधायक रामजी भारती, सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर (शनैः) ने बताया कि श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर नगर में तीन दिवसीय भव्य श्री राम महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें पहले दिन 20 जनवरी की संध्या साढ़े छ बजे स्थानीय मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक तक करीब पचास हजार से अधिक दीयो की श्रृंखला से जगमग रौशनी की जाएगी। वहीं 21 जनवरी को संध्या साढ़े छ बजे स्थानीय भारत माता चौक से गंज लाइन मार्ग तक करीब एक लाख इंकावन हजार दिया जलाया जाएगा। वहीं एक साथ लाखों दीयों का प्रज्जवलन वाला मुख्य कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित है। इन तीनों स्थानों पर दीप प्रज्वलन और ड्राइंग डिजाइन का कार्य शहर के युवा संस्कार राजपूत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में उपस्थित कार्यक्रम के मंच निर्माण प्रभारी संतोष पटाक, प्रियंक सोनी, शिव वर्मा ने बताया कि आगत अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया जाएगा। आयोजन के संयोजक श्री लाल ने बताया कि सारा देश राम मय हो रहा है ऐसे में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने के लिए संस्कार धानी की जनता पीछे कैसे रह सकती है। अतः दीपमालिका वाले तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह सुश्री नेहा गुप्ता, मौसमी शर्मा, आशा गुप्ता, पंकज गुप्ता सूरज गुप्ता आदि द्वारा कहा गया कि इस दीपोत्सव के माध्यम से राजनांदगांव को अयोध्या नगरी बनाने जा रहे हैं। कार्यक्रम में भू.पू. सैनिक राजेश शर्मा की टीम द्वारा तिरंगा लहराया जाएगा। वहीं सैनिकों द्वारा सेल्यूट भी दी जाएंगी। संस्कारधानी सनातनी धर्म सेवा परिवार के इस तीन दिवसीय विराट एवं भव्य कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों का सहयोग मिल रहा है। धर्मसेवा परिवार द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित उक्त रामोत्सव दीप महोत्सव का अवलोकन व श्री राममयी कार्यक्रम का आनंद लेने लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देश पर जिला स्वच्छता अभियान संयोजक एवं शहर मंडल स्वच्छता अभियान संयोजक हकीम खान के नेतृत्व में राम मंदिर परिसर बी.एन.सी. मिल्स के आसपास की फुलवाड़ी जिम की साफ सफाई की गई। इस अभियान में विशेषरूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भरत वर्मा, शिव वर्मा, हकीम खान, रघुवीर वाधवा, रमेश सोनवानी, राजेश खांडेकर, विनोद रजक सहित मुहल्ले के एवं मंदिर समिति के सदस्य रामभक्त उपस्थित रहे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com